माघ शुक्ल - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 196 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 11-02-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करना एक भावुक और दिव्य अनुभव : धामी
6 दिल्ली भाजपा की जीत में मुस्लिम मतों का मिथक
7 कोई योजना नहीं, बस बहाव के साथ आगे बढ़ना चाहती हूं : श्रेया चौधरी

## फर्स्ट टेक

### अमृतसर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**अमृतसर/भाषा।** पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए 'विस्फोट' में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। इस दौरान, एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को गोली लगी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मणिपुर: सात उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार तथा गोला-बारूद बरामद

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन 'नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर' (एनआरएफएम) के एक ठिकाने का पता लगाकर सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को तेल्लौ माखा लेईकाई में छापा मारा और उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इनके पास से मैगजीन तथा 15 कारतूस सहित एक ए1 असॉल्ट राइफल, 13 कारतूस सहित एक एके-47 राइफल, मैगजीन तथा 12 कारतूस सहित दो इंसास राइफल, मैगजीन तथा 30 कारतूस सहित दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, पांच बुलेटप्रूफ जैकेट और अन्य सामान जब्त किए गए।

### भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने विधायक यतनाल को फिर जारी किया नोटिस

**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने सोमवार को असंतुष्ट भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को एक नया कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि 'आश्वासन देने के बाद भी उसका उल्लंघन करने' पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। यतनाल ने भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र और उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पाके खिलाफ बगावत कर दिया है। यतनाल को भेजे पत्र में केंद्रीय अनुशासन समिति के सदस्य सचिव ओम पाठक ने कहा, '' पार्टी ने आपके द्वारा लगातार दिए जा रहे तीखे बयान और पार्टी अनुशासन के उल्लंघन को संज्ञान में लिया है, जो भारतीय जनता पार्टी के संविधान और उसके नियमों में निहित अनुशासन संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।''

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 11-02-2025 6:13 बजे | सूर्योदय 12-02-2025 6:32 बजे |
| BSE 77,311.80 (-548.39) | NSE 23,381.60 (-178.35) |
| सोना 8,924 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 107,000 रु. प्रति किलो |







# एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस तथा रक्षा प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' बेंगलूरु में शुरू

## बेंगलूरु में एयरो इंडिया-2025 के दौरान एसयू-57, एफ35 लड़ाकू विमानों ने जलवा बिखेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सोमवार को बेंगलूरु स्थित येलहंका वायुसेना अड्डे में 'एयरो इंडिया' के 15वें संस्करण का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने किया। इसे एशिया की सबसे बड़ी 'एयरोस्पेस' और रक्षा प्रदर्शनी माना जाता है। 'रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' के विषय के साथ, पांच दिवसीय इस भव्य आयोजन में भारत की हवाई ताकत और स्वदेशी अत्याधुनिक नवाचारों के साथ-साथ वैश्विक एयरोस्पेस कंपनियों के अत्याधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' दृष्टिकोण के अनुरूप, यह कार्यक्रम स्वदेशीकरण को तेज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत बनाने के वास्ते एक मंच भी प्रदान करेगा, जिससे 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के केंद्र सरकार के संकल्प को बल मिलेगा।

इस मौके पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान, अन्य लोगों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। 'एयरो इंडिया' 10 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। शुरुआती तीन दिन सिर्फ उद्यमियों के लिए होंगे, जबकि 13 से 14 फरवरी को आम लोग भी यहां आ सकेंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा 'एयरो इंडिया' कार्यक्रम होने वाला है, क्योंकि इस बार इसका दायरा बढ़ाकर 42,000 वर्ग मीटर से अधिक कर दिया गया है और 150 विदेशी कंपनियों सहित 900 से अधिक प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह भारत की एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं में बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रमाण है कि 90 से अधिक देश इसमें भाग ले रहे हैं।

### युद्ध की बदल रही प्रकृति के चलते समाधान अपनाने, उसमें लगातार सुधार करने की जरूरत : राजनाथ

**बेंगलूरु/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि युद्ध की तेजी से बदल रही प्रकृति के चलते लगातार समाधान अपनाने और उनमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रक्षा विनिर्माण में प्रयासों को उभरते क्षेत्रों के लिए जवाबी उपाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से आगे आने और विस्तारित भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा पेश किए गए अवसरों का उपयोग करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, ''ये अवसर रक्षा उत्पादन में हमारी आत्मनिर्भरता की नीतियों से प्रेरित हैं एवं अनुकूल नीति व्यवस्था द्वारा सुगम बनाए गए हैं।''

रक्षा मंत्री ने 'एयरो इंडिया' के 15वें संस्करण के तहत सीईओ गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सिंह ने कहा, ''इस सम्मेलन का सार यह है कि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी रक्षा निर्माता और सेवा प्रदाता बनाने के लिए कैसे हाथ मिलाया जाए। यह सब कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम तकनीक और अन्य नई तकनीकी क्रांतियों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''चूंकि युद्ध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए हमें लगातार समाधान अपनाने और उनमें सुधार करने की जरूरत है।'' सिंह ने कहा, ''उदाहरण के लिए, पहले विशुद्ध सैन्य उपकरण आधारित प्रणालियों पर निर्भरता थी। अब सॉफ्टवेयर आधारित प्रणालियां इसकी जगह ले रही हैं। आज, सैन्य अभियानों में संचार और डेटा साझा करने की प्रकृति बहुत अधिक जटिल होती जा रही है। अंतरिक्ष आधारित दिशासूचक प्रणाली, अंतरिक्ष आधारित संचार और निगरानी पर हमारी निर्भरता का अर्थ है कि अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों को हमारी परिचालन योजनाओं में एकीकृत करना होगा।''

रक्षा मंत्री ने कहा, ''हाल के संघर्षों में ड्रोन के इस्तेमाल से यह संकेत मिलता है कि भविष्य मानवयुक्त, मानवरहित और स्वायत्त युद्ध प्रणालियों के एकीकृत प्रयासों पर निर्भर करेगा, इसलिए रक्षा विनिर्माण में हमारे प्रयासों को इन उभरते क्षेत्रों के लिए जवाबी उपाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।''



# राष्ट्रपति ने महाकुंभ-2025 के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के त्रिवेणी संगम में सोमवार को डुबकी लगाई और बड़े हनुमान जी, अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए।

इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति सुबह विशेष विमान से प्रयागराज हवाई अड्डे पहुंचीं, जहां राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहां से वह अरैल पहुंचीं और नाव से संगम पहुंचकर स्नान किया।

अधिकारियों के अनुसार, नाव से संगम घाट जाते समय आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति मुर्मू को गंगा और यमुना नदी तथा उसके प्रवाह के बारे में जानकारी दी।

# ममता कुलकर्णी ने दिया महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** फिल्म जगत से अध्यात्म के क्षेत्र में आईं और हाल ही में किन्नर अखाड़ा में महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं ममता कुलकर्णी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।



किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने 'पीटीआई-भाषा' से ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने की पुष्टि की।

ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं महामंडलेश्वर यमाई ममता नंद गिरि अपने पद से इस्तीफा देती हूं। किन्नर अखाड़े और दूसरे संतों के बीच मुझे महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा, पच्चीस साल तपस्या के बाद मुझे यह सम्मान दिया गया था। मैंने देखा कि मुझे महामंडलेश्वर पद दिए जाने से कई लोगों को आपत्ति हुई। मैंने चैतन्य गगन गिरि महाराज के सानिध्य में 25 साल घोर तपस्या की।





# जल्द से जल्द जनगणना कराई जाए : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 14 करोड़ पात्र भारतीयों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाले लाभों से वंचित किए जाने का सोमवार को दावा किया और सरकार से जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग की।

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है।

गांधी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत ग्रामीणों के साथ ही 50 प्रतिशत शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। उन्होंने कहा कि हालांकि लाभार्थियों के लिए कोटा अब भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से अधिक पुरानी है। उन्होंने कहा, ''स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना में 4 साल से अधिक की देरी हुई है। मूल रूप से यह 2021 के लिए निर्धारित थी लेकिन अब भी इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि जनगणना कब आयोजित की जाएगी।''

# किसी को भी परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रसारित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के आठवें संस्करण में नेतृत्व के पाठ से लेकर ध्यान, परीक्षा बनाम ज्ञान से लेकर एक बल्लेबाज की तरह ध्यान केंद्रित करने तक, कई विषयों पर छात्रों के साथ बात की।

पारंपरिक 'टाउन हॉल' प्रारूप से हटकर मोदी ने इस बार अधिक अनौपचारिक व्यवस्था को प्राथमिकता दी और लगभग 35 छात्रों से यहां सुंदर नर्सरी में अधिक गहन एवं मुक्त बातचीत की। इस कार्यक्रम का राष्ट्रव्यापी प्रसारण देश के विभिन्न भागों से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा।

मोदी ने छात्रों से कहा कि 'ज्ञान' और परीक्षा दो अलग अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए।

देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए छात्रों के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों को किसी दायरे में बांधा नहीं जाना चाहिए और उन्हें अपनी अभिलाषा को तलाशने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपने समय का उपयोग योजनाबद्ध तरीके से करने को कहा ताकि इसका प्रभावी प्रबंधन हो सके।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से 'अपने समय, अपने जीवन पर नियंत्रण रखने, वर्तमान में जीने, सकारात्मकता की तलाश करने और पोषण' जैसे मुद्दों पर बात की।

माता-पिता से अपने बच्चों को दिखावे के लिए मॉडल के रूप में इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए बल्कि उनका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से यह आम धारणा है कि अगर कोई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक नहीं लाता है, तो उसका जीवन बर्बाद हो जाता है।



# एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस पहुंचे

पेरिस/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को फ्रांस पहुंचे, जहां वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता करेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, अपने आगमन की तस्वीरें संलग्न करते हुए कहा, ''थोड़ी देर पहले पेरिस पहुंचा हूं। यहां विभिन्न कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जो एआई, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे।'' प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट में कहा, ''पेरिस में एक यादगार स्वागत! ठंड के मौसम के बावजूद भारतीय समुदाय ने आज शाम अपना स्नेह दिखाया। हम अपने प्रवासी समुदाय के प्रति आभारी हैं और उनकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं!''

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जीता जो सिकंदर

परिवर्तित परिणात हुए तो,
रहे पराजित मन मसोस कर।
यह चुनाव का अविचल रथ जो,
लोकतंत्र चले निरंतर।
अंतर चाहे न्यून भले पर,
जो जीते वो बने सिकंदर।
काम करेंगे नहीं अगर जो,
हो जाएंगे वे छूमंतर।।

# रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी पर विवाद : सोशल मीडिया नियमन की मांग तेज

## विवाद बढ़ने के बाद रणवीर इलाहाबादिया ने 'एक्स' पर एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणी अनुचित थी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की विवादित टिप्पणी को लेकर देशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सरकार और यूट्यूब से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सांसदों ने भी इस विवाद पर नाराजगी जताई और सोशल मीडिया के नियमन की जरूरत पर जोर दिया।

### एनसीडब्ल्यू की कड़ी प्रतिक्रिया

एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष विजया रहाटकर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर अनुचित और अश्लील सामग्री को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। आयोग ने कहा कि इस तरह की सामग्री समाज, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों, पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

### सांसदों ने की आलोचना

नियमन की मांगभाजपा सांसद जगदंबिका पाल और शिवसेना (उद्धव) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इलाहाबादिया की टिप्पणी को अश्लील और अस्वीकार्य करार दिया। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि वह इस मुद्दे को संसद की सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार स्थायी समिति की बैठक में उठाएंगी।

### विवादित टिप्पणी और माफी

यह विवाद तब भड़का जब रणवीर इलाहाबादिया ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल पूछा। सोशल मीडिया पर उनके पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठी। विवाद बढ़ने के बाद रणवीर इलाहाबादिया ने 'एक्स' पर एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणी अनुचित थी। उन्होंने कहा, कॉमेडी मेरी खासियत नहीं है, मैं अपने मंच का बेहतर उपयोग करूंगा।





### एनएचआरसी की यूट्यूब को चेतावनी

एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब को पत्र लिखकर इस विवादित एपिसोड को हटाने और इलाहाबादिया के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि इस सामग्री से समाज में गलत मानसिकता को बढ़ावा मिल सकता है और यह भारतीय कानूनों का उल्लंघन करती प्रतीत होती है।

### राजनीतिक और सामाजिक विरोध

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह क्लिप नहीं देख सके, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाएं होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और लेखक नीलेश मिश्रा ने भी इलाहाबादिया की आलोचना करते हुए कार्रवाई की मांग की।

### सरकारी कदमों पर नजर

यह मामला सोशल मीडिया पर नैतिकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बहस को फिर से सामने ले आया है। अब यह देखना होगा कि सरकार इस मामले पर क्या कदम उठाती है और क्या सोशल मीडिया के लिए नए नियम बनाए जाते हैं।

# उमर ने शाह से मुलाकात की, कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सोमवार को मुलाकात की और उनके साथ केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों एवं औद्योगिक तथा पर्यटन नीतियों में बदलाव पर चर्चा की।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बैठक 30 मिनट तक चली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने शाह को हाल की दो घटनाओं – जम्मू के कठुआ में एक व्यक्ति की आत्महत्या और उत्तरी कश्मीर के सोपोर में एक ट्रक चालक के जांच चौकी पर नहीं रुकने पर उसे गोली मारने की घटना के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

चार और पांच फरवरी को हुई इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि इस तरह की घटनाओं से ''उन लोगों के अलग-थलग पड़ने का खतरा है, जिन्हें हमें सड़क पर सामान्य स्थिति बनाने के लिए अपने साथ लेकर चलना चाहिए।''

उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''मैंने इन घटनाओं को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है और कहा है कि दोनों घटनाओं की समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जांच की जाए। जम्मू-कश्मीर सरकार भी इन घटनाओं की जांच का आदेश देगी।''

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई बैठक के दौरान ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत बताई और कहा कि लोगों के प्रतिनिधि के तौर पर उनकी सरकार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए।



शाह के कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा, ''जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।''

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उन कारोबारी नियमों के बारे में भी जानकारी दी, जिनकी गृह मंत्रालय द्वारा समीक्षा किए जाने की संभावना है।

वर्ष 2019 में तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिए जाने के बाद कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक एवं पर्यटन नीतियों में कुछ बदलावों पर भी चर्चा की।

## भारत में स्वच्छता अभियान के कारण तीन लाख बच्चों की जान बची : सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के कारण भारत में स्वच्छता अभियान के कारण तीन लाख बच्चों की जान बची है। जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। स्वच्छता अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं और करीब 60 करोड़ लोग उन शौचालयों का उपयोग कर रहे हैं।

पाटिल ने कहा कि शौचालयों के निर्माण से महिलाओं को विशेष रूप से फायदा हुआ है और उन्हें अब अंधेरे की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती जिससे उनकी सुरक्षा भी बढ़ी है वहीं उनके स्वास्थ पर भी अच्छा असर हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में स्वच्छता अभियान के कारण तीन लाख बच्चों की जान बची है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान एक सतत अभियान है।



## फडणवीस ने राज ठाकरे से मुलाकात की, सीएम बोले-'कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई'

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। बाद में फडणवीस ने कहा कि ठाकरे ने उन्हें अपने घर आमंत्रित किया था और बैठक के दौरान उनके बीच कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फडणवीससुबह मनसे प्रमुख के मुंबई के दादर इलाके में शिवाजी पार्क के पास स्थित आवास पर गए।

बाद में फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, ''मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद, ठाकरे ने मुझे फोन किया था और अपने आवास पर आमंत्रित किया था। मैंने उनसे कहा था कि मैं उनके घर आउंगा और आज मैंने उनसे मुलाकात की।'' उन्होंने कहा, ''यह एक दोस्ताना मुलाकात थी। यह निजी मुलाकात थी। इस बैठक में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई।'' ठाकरे ने पिछले माह सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए कहा था कि पार्टी (भाजपा) ने कभी बोला था कि करोड़ों रुपए के घोटाले में संलिप्त नेताओं को सलाखों के पीछे डाला जाएगा, लेकिन उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया है।

## अमेरिका की नई चेतावनी से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 548 अंक और लुढ़का

**मुंबई/भाषा।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है। निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए अपना पैसा सोने जैसे सुरक्षित निवेश उत्पादों में लगा रहे हैं।'' सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करे सरकार: राहुल गांधी



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि सरकार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान कर उन्हें मान-सम्मान देना चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने संसद भवन स्थित राहुल गांधी के कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस मौके पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले भी थे। गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा, ''आंगनवाड़ी बहनें दिनभर काम करती हैं, बहुत मेहनत करती हैं। भुखमरी और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में आंगनवाड़ी बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन आज सरकार द्वारा उपेक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी समस्याओं की सुनवाई और सम्मान को भी तरस गई हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश के विकास में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें उचित मान-सम्मान देना चाहिए। ये देश की सभी आंगनवाड़ी बहनों का अधिकार है।''

## 'ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बांध निर्माण से आपदाओं का खतरा, सरकार इसे रुकवाए'

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद दिलीप सैकिया ने चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़े बांध का निर्माण किए जाने और इससे भारत, खासतौर पर उत्तर पूर्व राज्यों में आपदाओं का खतरा होने का दावा करते हुए सोमवार को सरकार से अनुरोध किया कि पड़ोसी देश से बात कर इसे रुकवाया जाए। असम के दरांग-उदलगुड़ी से सांसद सैकिया ने लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने का ऐलान किया है और तिब्बत के क्षेत्र में बनने जा रहे इस बांध से भारत और बांगलादेश दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह बांध हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाना है और यह क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश के करीब है।

सैकिया ने कहा कि इस बांध के बनने से जहां पर्यावरण और स्थानीय जनता प्रभावित होगी और अनेक घटनाएं घटित हो सकती हैं, वहीं बांध बनने के बाद ब्रह्मपुत्र के प्रवाह पर चीन का नियंत्रण हो जाएगा और उत्तर पूर्व भारत में पानी की कमी या बाढ़ का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि चीन के साथ बात कर इस बांध के निर्माण को रोका जाए। शून्यकाल में ही भाजपा के बी महताब ने वंदे भारत ट्रेन में स्वतंत्रता सेनानियों को प्रथम श्रेणी यात्रा के पास की सुविधा दिए जाने की मांग सरकार से की।

## सोने की नीलामी के नियमों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी: वित्त मंत्री


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि यदि कोई उधारकर्ता स्वर्ण ऋण का भुगतान करने में विफल रहता है तो बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) समान नियमों द्वारा निर्देशित होते हैं। उनका कहना था कि यदि कोई उधारकर्ता स्वर्ण ऋण का भुगतान करने में विफल रहता है तो बैंक या एनबीएफसी को नीलामी के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन एनबीएफसी और बैंकों द्वारा सोने की नीलामी के लिए बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने लोकसभा को बताया कि इन प्रक्रियाओं का पालन एनबीएफसी और बैंकों द्वारा किया जाता है।

उन्होंने कहा, यदि इन प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है, तो वास्तव में इस पर हमें कार्रवाई करनी होगी, लेकिन प्रक्रियाओं का पालन बैंकों द्वारा किया जाता है।'' वित्त मंत्री ने स्वर्ण ऋण भुगतान में चूक होने पर संस्थाओं द्वारा सोने की नीलामी किए जाने के संबंध में द्रमुक नेता कनिमोझी करुणानिधि के पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए यह टिप्पणियां कीं।



## सांसद निधि 25 करोड़ रुपए की जाए या फिर खत्म हो: इकरा चौधरी

**नई दिल्ली/भाषा।** सपा की सांसद इकरा चौधरी ने लोकसभा में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सांसद क्षेत्रीय विकास निधि को पांच करोड़ रुपए से बढ़ाकर 25 करोड़ रु.किया जाए या फिर इसे खत्म कर दिया जाए। उन्होंने सदन में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग उठाई। उप्र के कैराना से लोकसभा सदस्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधायकों की निधि भी पांच करोड़ रुपए वार्षिक है और सांसद निधि भी पांच करोड़ रुपए है। इकरा ने कहा, ''मेरी मांग है कि सांसद निधि को 25 करोड़ रुपए किया जाए या इसे खत्म किया जाए।''

## भगवंत मान नीत सरकार की उल्टी गिनती शुरू: भाजपा ने आप की पंजाब इकाई में हलचल पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर अपना हमला तेज कर दिया है तथा पार्टी महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को दावा किया कि 'भगवंत मान नीत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।'

चुघ की यह टिप्पणी दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद उसकी पंजाब इकाई में असंतोष की अटकलों के बीच आई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए गए।

मंगलवार को दिल्ली में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की पंजाब के मुख्यमंत्री मान, मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बैठक होने वाली है। इस कदम से राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

चुघ ने दावा किया कि पंजाब के लोगों का आम आदमी पार्टी (आप) से मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली ने 'आप-दा' (आपदा) से छुटकारा पा लिया और अब पंजाब के लोग भी 'आप-दा' से मुक्ति चाहते हैं। भगवंत मान नीत सरकार शराब, रेत और खनन माफिया से निपटने में विफल रही है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब में एक मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेगी।

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए कहा कि केजरीवाल मान को दरकिनार कर सकते हैं।

सिरसा ने दावा किया, ''ऐसा कहा जा रहा है कि केजरीवाल यह कहकर भगवंत मान को अक्षम घोषित कर देंगे कि उन्होंने महिलाओं को 1,000 रुपए देने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नियंत्रण जैसे वादे पूरे नहीं किए हैं। इसके बाद वह खुद ही कमान संभाल लेंगे।'' उन्होंने मान को आगाह करते हुए कहा, ''केजरीवाल किसी के प्रति वफादार नहीं हैं। उन्होंने सभी को धोखा दिया है।''

## बजट में कोई दर्शन नहीं, दिल्ली के नतीजों से उद्देश्य की पूर्ति हुई: चिदंबरम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए आम बजट में कोई दर्शन नहीं था, बल्कि यह राजनीति से प्रेरित था और इसके उद्देश्य की पूर्ति पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से हो गई।

राज्यसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि ऐसा नहीं है कि आयकर में कटौती के प्रस्ताव का फायदा केवल मध्यम वर्ग को ही होगा, बल्कि 'बहुत अमीर' और 'सबसे अमीर' लोगों को भी इससे लाभ होने वाला है। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को पेश बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए आयकर में छूट सहित कई उपायों का प्रस्ताव किया। कर छूट के तहत आयकरदाताओं को एक साल में 12.75 लाख रुपए (75,000 रुपए की मानक कटौती सहित) तक की कमाई पर कोई आयकर नहीं देना होगा। आयकर छूट की सीमा सात लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए किये जाने से एक करोड़ लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। चिदंबरम ने कहा, ''बजट के पीछे कोई दर्शन नहीं है। यह स्पष्ट है कि बजट राजनीति से प्रेरित था। मैं इसके बारे में विस्तार से नहीं बता सकता, लेकिन मैं वित्त मंत्री को कुछ दिन पहले अपने एक उद्देश्य को पूरा करने के लिए बधाई देता हूं ... वित्त मंत्री को बधाई।'' कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य का इशारा स्पष्ट तौर पर दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर था। इस चुनाव के बीच केंद्रीय बजट में आयकर प्रस्तावों के संबंध में घोषणा की गई थी। चुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की हार और भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई। चिदंबरम ने कहा कि इस बजट में वित्त मंत्री का मुख्य जोर आयकर में कटौती पर रहा और सभी को पता है कि केवल 3.2 करोड़ व्यक्ति ही आयकर का भुगतान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाकी रिटर्न फाइल करते हैं, लेकिन वे शून्य कर का भुगतान करते हैं।

## सरकार ने आने वाली पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया: तिवारी



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारत की आने पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि दुनिया में कई आर्थिक विचार रहे जो परिवर्तनकारी साबित हुए, लेकिन इस सरकार का सबसे बड़ा विचार 'नोटबंदी' अपने एक भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सका।

तिवारी के अनुसार, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन 35.99 लाख करोड़ रुपए है, जबकि नोटबंदी के समय यह राशि 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक ही थी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वित्तीय घाटे में मामूली कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बहुत ही चतुराई से वित्तीय घाटे के मापने के तरीके को बदल दिया। उन्होंने सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मौजूद नहीं होने पर सवाल उठाया और दावा किया कि यह सदन की परंपरा के अनुरूप नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि वित्त मंत्री राज्यसभा में हैं। तिवारी ने कहा कि इस सरकार ने आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा लगातार उधार लिया जा रहा है और कर्ज बढ़कर 200 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कांग्रेस सदस्य ने डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट का उल्लेख करते हुए कहा कि अब यह 87 को पार कर गया है जबकि मई, 2014 में यह 58 पर था। तिवारी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) सरकार के समय रुपए में गिरावट को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उम्र के बारे में टिप्पणी की गई थी।

## चिलकुर बालाजी मंदिर के पुजारी पर हमला 'दुर्भाग्यपूर्ण' : पवन कल्याण



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने चिलकुर बालाजी मंदिर के पुजारी पर कथित हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

चिलकुर बालाजी मंदिर के पुजारी सी.एस. रंगराजन ने पुलिस में दर्ज अपनी शिकायत में कहा कि तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के चिलकुर स्थित मंदिर परिसर के पास उनके घर में लगभग 20 लोगों की भीड़ घुस आई और उनके साथ धक्का-मुक्की की। रंगराजन के पिता और मंदिर संरक्षण आंदोलन के संयोजक एम वी सुंदरराजन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भीड़ का लक्ष्य अपने मिशन के लिए निजी सेनाएं बनाना और उनके एजेंडे को स्वीकार न करने वालों को दंडित करना है। पवन कल्याण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है बल्कि हिंदू आस्था की रक्षा के प्रयासों पर भी हमला है।'' पवन कल्याण ने कहा कि वह इस घटना से बहुत दुखी हैं।

अभिनेता ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि इसे किसी व्यक्ति पर हमले के बजाय आस्था की रक्षा के प्रयासों पर हमले के रूप में देखा जाना चाहिए। जनसेना प्रमुख ने पुलिस से आग्रह किया कि वह राम राज्यम नामक संगठन से जुड़े होने का दावा करने वाले सदस्यों द्वारा किए गए हमले के पीछे के वास्तविक उद्देश्यों का पता लगाए।





## तिरुपति लड्डु मिलावट मामला: गिरफ्तार चार संदिग्धों को 20 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** तिरुपति की अदालत ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डुओं में कथित मिलावट के सिलसिले में गिरफ्तार 4 आरोपियों को सोमवार को 20 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई के नेतृत्व वाले एसआईटी ने भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशकों विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी से अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी से राजू राजशेखरन को गिरफ्तार किया। एआर डेयरी ने प्रसाद के लड्डु बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी की आपूर्ति की थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों को सोमवार को तिरुपति की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 20 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित एसआईटी ने घी की आपूर्ति के हर चरण में गंभीर गड़बड़ी पाई जिसके कारण गिरफ्तारियां की गईं।

अधिकारियों ने आरोप लगाया कि वैष्णवी डेयरी के अधिकारियों ने मंदिर को घी की आपूर्ति करने के लिए एआर डेयरी के नाम से टेंडर हासिल किए और निविदा प्रक्रिया में हेरफेर करने के लिए फर्जी रिकॉर्ड भी तैयार किया। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी को पता चला कि वैष्णवी डेयरी ने झूठा दावा किया था कि वह भोले बाबा डेयरी से घी प्राप्त करती है, जबकि अधिकारियों ने पाया कि डेयरी के पास मंदिर बोर्ड तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की मांग को पूरा करने की क्षमता नहीं है।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर, तिरुपति लड्डु बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पिछले वर्ष नवंबर में पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। टीम में केंद्रीय एजेंसी के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो अधिकारी और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का एक अधिकारी शामिल है।

## इस बजट से 'विकसित भारत' नहीं बनेगा, मुसलमानों को नजरअंदाज किया गया: ओवैसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमएआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए सोमवार को दावा किया कि इस बजट से 'विकसित भारत' नहीं बनने वाला है।

उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि यह सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति पूर्वाग्रह के भाव से काम कर रही है तथा अकलियतों खासकर मुसलमानों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने कहा कि जब तक लड़कियों को तालीम नहीं मिल जाती, जब तक बड़ी आबादी गरीब है और जब तक देश की 15 प्रतिशत मुस्लिम आबादी की उपेक्षा होगी, तब तक 'विकसित भारत' नहीं बन सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव और पूर्वाग्रह का व्यवहार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि अल्पसंख्यकों से संबंधित केंद्रीय स्तर की योजनाओं में आवंटित बजट पूरा खर्च नहीं किया जा रहा है। ओवैसी ने आरोप लगाया, '' सरकार ने अकलियतों और खासकर मुसलमानों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार वक्फ संपत्तियों को आमदनी का जरिया नहीं बनाना चाहती, बल्कि उन्हें खत्म करना चाहती है।'' उन्होंने दावा किया कि मध्यम वर्ग को 'बलि का बकरा' बनाया जा रहा है। चर्चा में भाग लेते हुए आरएसपी नेता एनके प्रेमचंदन ने कहा कि यह विकासोन्मुखी बजट नहीं है और इसमें आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल और तमिलनाडु के साथ 'सौतेला व्यवहार' बंद होना चाहिए।

## ट्रंप की शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच सोना 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मजबूत वैश्विक रुझानों और कमजोर रुपए के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपए बढ़कर 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोने ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। आभूषण निर्माताओं और खुदरा कारोबारियों की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 86,070 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपए बढ़कर 88,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपए बढ़कर 97,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि निवेशक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश को प्राथमिकता देते हुए शेयर जैसी जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों से पैसा निकाल रहे हैं। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 940 रुपए बढ़कर 85,828 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अन्नाद्रमुक के वोट द्रमुक को स्थानांतरित हो गए हैं : कानून मंत्री एस. रेगुपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके/द्रमुक) नेता एवं कानून मंत्री एस. रेगुपति ने सोमवार को कहा कि इरोड पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में मुख्य विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक/एआईएडीएमके) के वोट उनकी पार्टी को स्थानांतरित हो गए हैं। इरोड पूर्व विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उनकी पार्टी विजयी हुई है। रेगुपति ने एआईएडीएमके की लगातार चुनावी हार पर एक सवाल के जवाब में पत्रकारों से कहा कि यह एआईएडीएमके पार्टी और एडप्पडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व के लिए नुकसानदायक है।



मंत्री ने तमिलनाडु में 2017 से अब तक हुए चुनावों का हवाला देते हुए कहा, एडप्पडी पलानीस्वामी का नेतृत्व विफल रहा है और वे 11 चुनावों में हारे हैं।'' इन चुनावों में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के उपचुनाव, निकाय चुनाव, लोकसभा (2019, 2024) और 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव शामिल हैं। पलानीस्वामी 2017 से 2021 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। रेगुपति ने पिछले साल लोकसभा चुनाव में इरोड में एआईएडीएमके को मिले वोट (29.79 प्रतिशत, जबकि डीएमके का हिस्सा 51.43 प्रतिशत था) का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी के सभी वोट डीएमके को स्थानांतरित हो गए हैं। इससे साबित होता है कि मुख्य विपक्षी दल के मतदाता सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को वोट देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, यह हमारे नेता मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले शासन के द्रविड़ मॉडल की जीत है।

इरोड ईस्ट खंड के उपचुनाव में डीएमके के वीसी चंद्रकुमार (1,15,709 वोट--74.7 प्रतिशत) विजयी उम्मीदवार थे। उपचुनाव के परिणाम आठ फरवरी, 2025 को घोषित किए गए थे। नाम तमिझार काची की एम. के. सीतालक्ष्मी दूसरे स्थान पर रहीं और उन्हें 24,151 वोट (15.59 प्रतिशत) मिले। एआईएडीएमके और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित अन्य मुख्यधारा की पार्टियों ने उपचुनाव का बहिष्कार किया था। मतदान पांच फरवरी को हुआ था। जाति जनगणना पर एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि चूंकि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार जनगणना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है, इसलिए जनगणना कार्य, भले ही राज्य सरकार द्वारा किया गया हो, कानूनी रूप से वैध नहीं होगा। राज्य आधारित जाति जनगणना प्रक्रिया पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के कुछ उदाहरणों की ओर इशारा करते हुए रेगुपति ने कहा कि इसलिए तमिलनाडु यह रास्ता अपनाने के लिए इच्छुक नहीं है।

## उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में 10 फरवरी को महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादन के चेन्नई आउटलेट का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने किया। उन्होंने उत्पाद बेचने वाली 'मैडी अनुभव दुकान' खोली और उसका दौरा किया। इस अवसर पर माननीय वाणिज्यिक कर एवं पंजीयन मंत्री पी. मूर्ति., हिंदू धर्म एवं धर्मार्थ मंत्री बी.के. शेखरबाबू, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. गोवि. चेहियन, शिक्षा मंत्री अंबिल महेस पोइयामोझी, पिछड़ा कल्याण मंत्री शिव.वी मयनाथन, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के अपर मुख्य सचिव गगनदीप सिंह बेदी आदि उपस्थित थे।

# पलानीस्वामी ने दिल्ली में अन्नाद्रमुक कार्यालय का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com






**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने सोमवार को नयी दिल्ली में पार्टी के कार्यालय 'पुरच्ची थलैवर एमजीआर–पुरच्ची थलैवी अम्मा मालिगई' का ऑनलाइन उद्घाटन किया। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के लिए 13,020 वर्ग फुट क्षेत्र में तीन मंजिल कार्यालय भवन का निर्माण लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। कार्यालय निर्माण का कार्य पांच अक्टूबर 2015 को शुरू हुआ था, जब जे. जयललिता अन्नाद्रमुक की महासचिव थीं।

पलानीस्वामी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता एस.पी. वेलुमणि, पी. थंगमणि, पोल्लाची वी. जयरामन, सेल्लूर के. राजू, डी.जयकुमार, नाथम आर. विश्वनाथन, तमिझ मगन हुसैन, एस. सेम्मलै और सी. पोनैयन भी मौजूद रहे। उन्होंने चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय से नयी दिल्ली स्थित कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयां बांटी गयी। अन्नाद्रमुक ने बताया कि दिल्ली में कार्यालय स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार ने 21 फरवरी 2012 को 10,850 वर्ग फुट क्षेत्र हस्तांतरित किया था। पार्टी ने कहा कि नयी दिल्ली के एम.बी. रोड स्थित इस नए कार्यालय का नाम पार्टी के संस्थापक नेता एम.जी. रामचंद्रन और दिवंगत पार्टी प्रमुख जे. जयललिता के नाम पर रखा गया है। उद्घाटन समारोह में पार्टी के जिला सचिवों, पदाधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।



## ईरोड विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा के इरोड़ (पूर्व) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में निर्वाचित वीसी चन्द्रकुमार ने सोमवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।

चन्द्रकुमार ने 10 फरवरी को सुबह विधानसभा के अध्यक्ष की उपस्थिति में शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, विधानसभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं सरकार के मुख्य सचेतचक सहित विभिन्न पार्टी के नेता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को मणिपुर हिंसा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : कनिमोई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की नेता कनिमोई ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मणिपुर में ''फासीवादी राजनीति'' करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कनिमोई ने आरोप लगाया कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 220 से अधिक लोगों की जान चली गई और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। उन्होंने सरकारी राहत शिविरों में रह रहे लोगों को अगवा कर उनकी हत्या किए जाने तथा महिलाओं का यौन उत्पीड़न किए जाने का भी आरोप लगाया।

कनिमोई ने एक बयान में आरोप लगाया कि इस तरह के अत्याचार केवल सरकार के ''समर्थन और उदासीनता'' के कारण हुए तथा भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके बीरेन सिंह केवल मूकदर्शक बने रहे। द्रमुक की नेता एवं लोकसभा सदस्य ने कहा, ''...मणिपुर भाजपा की फासीवादी राजनीति का सबूत है; केवल बीरेन सिंह ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी हिंसा पर लगाम लगाने में विफल रहने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मोदी और शाह को उन्हें (बीरेन सिंह को) बचाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।''

उन्होंने कहा कि मणिपुर के अगले मुख्यमंत्री के रूप में जो भी पदभार ग्रहण करेगा, उसे राज्य में शांति की वापसी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में सभी घटनाओं की जांच के लिए एक ''निष्पक्ष आयोग'' गठित करने की भी वकालत की। द्रमुक नेता ने आरोप लगाया कि बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा इसलिए देना पड़ा क्योंकि एक 'ऑडियो टेप' लीक हो गया था जिसमें उन्होंने कथित तौर पर हिंसा भड़काने की बात कही थी और मामला उच्चतम न्यायालय में पहुंच गया था।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों और भाजपा के सहयोगी दलों द्वारा डाले गए दबाव की भी सिंह के इस्तीफे में भूमिका रही।



## ऋषि अगस्त्यर वॉकथॉन

**चेन्नई।** काशी तमिल संगमम (केटीएस 3.0) के तीसरे संस्करण के उपलक्ष्य में, ऋषि अगस्त्यर की वेशभूषा में 100 से अधिक स्कूली छात्रों ने चेन्नई में एक वॉकथॉन में भाग लिया।

वॉकथॉन का आयोजन केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान और शास्त्र डीम्ड विवि द्वारा 9 फरवरी को किया गया था। सानिपांडी विद्यालय, पीएस सीनियर, पीएसबीबी और भवन के राजाजी विद्याश्रम के कक्षा 4 से 8 के छात्रों ने इस वॉकथॉन में भाग लिया, जो हिंदी प्रचार सभा से शुरू हुआ और टी.नगर में ऋषि अगस्त्य आश्रम मंदिर में संपन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों को अगस्त्यर पर अमर चित्र कथा प्रकाशन की एक प्रति, एक पीतल का कमंडल दिया गया और दर्शन के बाद प्रसाद भी दिया गया। केटीएस 3.0 का विषय ऋषि अगस्त्य राष्ट्रीय एकीकरणकर्ता हैं और इन छात्रों, शिक्षकों और आयोजकों की एकता शीर्ष पर थी। इस वॉकथॉन में सस्त्रा विवि के कुलपति डॉ.एस. वैद्यसुब्रमण्यम, सस्त्रा चेन्नई की निदेशक डॉ.सुधा शेषय्यान, सीआईसीटी रजिस्ट्रार डॉ.भुवनेश्वरी, पीएस एजुकेशन सोसाइटी के शिर केवीएस गोपालकृष्णन, भारतीय विद्या भवन के निदेशक श्रीवेंकट, भवन के राजाजी विद्याश्रम के प्राचार्य पीजी सुब्रमण्यम और सैंडियानी विद्यालय की प्राचार्या भुवना शंकर सहित शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।

## सोभा ग्रुप की परमार्थ इकाई ने केरल के पलक्कड में ईडब्ल्यूएस परिवारों को 120 से अधिक मकान सौंपे

**पलक्कड।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा समूह की परमार्थ इकाई ने केरल के पलक्कड जिले में महिला प्रमुखों वाले परिवारों को 120 से अधिक निर्मित मकान सौंपे हैं। श्री कुरुम्बा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने पलक्कड जिले में इन परिवारों को 120 से अधिक पूरी तरह से तैयार मकान सौंपे। इस परमार्थ संस्था की स्थापना 1994 में पी.एन.सी. मेनन और शोभा मेनन ने अपनी गृह सोभा' 2025 पहल के तहत की थी। इस पहल का मकसद 1,000 मकान निःशुल्क उपलब्ध कराना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अपर्याप्त आवास की समस्या का समाधान करने की दिशा में काम करना है। सोभा ने बयान में कहा, इनमें से 13 भूमिहीन परिवारों को उनके मकान बनाने के लिए पांच सेंट भूमि प्रदान की गई। पिछले साल, ट्रस्ट ने सफलतापूर्वक 110 मकान सौंपे थे। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क सौंपे गए मकानों की संख्या 230 हो गई। सोभा समूह के संस्थापक पी.एन.सी. मेनन ने कहा, एक सुरक्षित मकान अनगिनत संभावनाओं का पहला पड़ाव होता है। गृह सोभा पहल के माध्यम से हम महिला प्रमुखों वाले परिवारों को बाधाओं को तोड़ने और उज्वल भविष्य का निर्माण करने में सक्षम बना रहे हैं।

## 'पीएम श्री' स्कूलों को लेकर तमिलनाडु को कई पत्र भेजे गए

**चेन्नई/नई दिल्ली।** पिछले दो वर्षों में तमिलनाडु सरकार को कई पत्र भेजकर राज्य में 'पीएम श्री' स्कूल योजना को लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया गया। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को आरोप लगाया था कि राज्य के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और तीन भाषा नीति को खारिज करने पर केंद्र ने खुले तौर पर ब्लैकमेल करते हुए राज्य के हिस्से के 2,152 करोड़ रुपये छीन कर यह रकम अन्य राज्यों को दे दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, हमने पिछले दो वर्षों में उन्हें (तमिलनाडु सरकार को) कई पत्र लिखे हैं। पिछले साल, उन्होंने शुरू में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के संबंध में सहमति व्यक्त की थी, लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। हालांकि, अन्य राज्यों को धन देने के आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। स्टालिन ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, तमिलनाडु के खिलाफ केंद्र की भाजपा सरकार का अन्यायपूर्ण रवैया बेबुनियाद है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और तीन-भाषा नीति को लागू करने से इनकार करने पर, उन्होंने खुलेआम ब्लैकमेल किया, तमिलनाडु के छात्रों के लिए निर्धारित 2,152 करोड़ रुपये छीन लिए और अब उन्होंने इसे दूसरे राज्यों को सौंप दिया है। यह हमारे छात्रों को उनके अधिकारों के लिए खड़े होने पर दंडित करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, ''भारत के इतिहास में कोई भी सरकार किसी राज्य के खिलाफ राजनीतिक बदला लेने के लिए इतनी निर्दयी नहीं रही है। भाजपा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह तमिलनाडु और उसके लोगों से नफरत करती है।'' 'पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया' (पीएम श्री) योजना का लक्ष्य 14,500 स्कूलों को अपग्रेड' करना है। इससे 18 लाख छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य यह भी सुनिश्चित करना है कि ये स्कूल मॉडल संस्थान के रूप में काम करें और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को समाहित करें। सरकार ने पहले चरण में 'अपग्रेड' के लिए 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 6,448 स्कूलों का चयन कर लिया है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और दिल्ली ही ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने अभी तक ऐसे स्कूलों के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

## द्रमुक सांसद का वित्त मंत्री से सवाल : क्या आप इस्तीफा देंगी



**चेन्नई/नई दिल्ली।** द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने सोमवार को केंद्रीय बजट को भेदभावपूर्ण तथा देश के आम लोगों के साथ अन्याय करार दिया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक कथित पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि क्या वह अब इस्तीफा देंगी। मारन ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि बजट में मध्य वर्ग के एक छोटे हिस्से को आयकर की राहत दी गई, लेकिन देश की बड़ी आबादी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट भेदभावपूर्ण और भारत के लोगों के साथ अन्याय करने वाला है। द्रमुक नेता ने कहा, ''भारत की आर्थिक विकास दर सुस्त पड़ती जा रही है और इसको लेकर बजट में कुछ नहीं किया गया है।'' मारन ने दावा किया कि डॉलर के मुकाबले रुपये में ऐतिहासिक गिरावट आई है तथा भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक पैसे निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा, वित्त मंत्री ने भाजपा की प्रवक्ता रहते हुए रुपये में गिरावट के बाद कहा था कि उस वक्त की संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार को इस्तीफा देना चाहिए।

# पी चिदंबरम ने विदेश मंत्रालय के बजटीय आवंटन में कटौती का दावा कर सरकार पर कसा तंज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने आम बजट में प्रत्येक साल विदेश मंत्रालय (एमईए) के आवंटन में कटौती किए जाने का सोमवार को दावा किया और तंज कसते हुए सवाल किया कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ वही कर रही हैं जो अमेरिका में एलन मस्क कर रहे हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 पर राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए चिदंबरम ने विदेश मंत्रालय के बजटीय आवंटन में कमी का कारण पूछा और कहा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या हम अपनी वैश्विक उपस्थिति को कम कर रहे हैं, या हम दूतावासों को बंद कर रहे हैं या फिर वाणिज्य दूतावास बंद कर रहे हैं? उन्होंने कहा, कृपया स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने सदन से विदेश मंत्रालय के लिए 20,517 करोड़ रुपये देने को कहा है।



चिदंबरम ने कहा कि आमतौर पर विदेश मंत्रालय का जिक्र उनके बजट भाषण में नहीं होता है लेकिन इस बार वह अपने भाषण की शुरुआत इसी मुद्दे से कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2023-24 में पिछले साल हमने 28,915 करोड़ रुपये आवंटित किए (विदेश मंत्रालय के लिए)। चालू वर्ष में संशोधित अनुमान 25,277 करोड़ रुपये है, जो चालू वर्ष में लगभग 3,600 करोड़ रुपये कम है। उन्होंने आगे कहा, 'अगले साल के लिए वित्त मंत्री केवल 20,517 करोड़ रुपये मांग रही हैं जो 5,300 करोड़ रुपये कम हैं।' चिदंबरम ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं चाहता था कि विदेश मंत्री (एस जयशंकर) यहां होते। मुझे संदेह है कि वित्त मंत्री, विदेश मंत्री (एस जयशंकर) के साथ वही कर रही हैं जो अमेरिका में एलन मस्क कर रहे हैं। उनकी इस टिप्पणी पर सदन के एक वर्ग में ठहाके गूंज उठे। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएन्सी' (डीओजीई) के गठन की घोषणा की थी और इसका प्रभारी टेस्ला और स्पेसएक्स कंपनी के मालिक एलन मस्क को बनाया था। डीओजीई को ज़िम्मेदारी दी गई है कि वह सरकारी खर्चे में कटौती करे।





# प्रधानमंत्री की अभिनव पहल से बच्चों के सुखद भविष्य की नींव होगी सुदृढ़ : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 8वें संस्करण में विद्यार्थियों के साथ तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जयपुर के मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुना।

देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने उनको परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और टाइम मैनेजमेंट के उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि वे परीक्षा का तनाव महसूस न करें तथा अपने लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने की बजाय खुद को प्रेरित करते हुए बेहतर बनाने का प्रयास करें क्योंकि जो खुद से स्पर्धा करता है, वह जीवन में कभी भी पीछे नहीं रहता। हमें हमारी विफलताओं से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में अच्छे नंबर लाना उतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना निरंतर ज्ञान अर्जित करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अपने अध्ययन तथा अन्य कार्यों की समय सारणी बनाकर समय का सदुपयोग करते हुए उन्हें सम्पादित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तनाव से उबरने में ध्यान और योग बहुत उपयोगी है। नियमित योगाभ्यास से तनाव दूर होने के साथ ही कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। पीएम ने बच्चों को परीक्षा में प्रश्न पत्र को हल करने संबंधी टिप्स भी दीं।

मोदी ने लीडरशिप पर बात करते हुए कहा कि एक अच्छे लीडर को खुद में सकारात्मक बदलाव कर अन्य लोगों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम वर्क, धैर्य, जरूरतमंदों की मदद और लोगों का विश्वास जीतना भी एक नेतृत्वकर्ता का महत्वपूर्ण गुण है।

प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अपनी महत्वकांक्षाएं थोपे बिना उनकी अभिरूचि और क्षमताओं को समझे और उनकी पसंद का कैरियर चुनने में मदद करें। मोदी ने शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों की आपस में तुलना करने से बचें और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक विद्यार्थी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें।

इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ पोषण, आहार-विहार, मिलेट्स, पर्यावरण संरक्षण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने बच्चों के साथ पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अपने कर्म, वचन और व्यवहार से देशवासियों को प्रेरित करते हैं। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के रूप में उनकी यह अभिनव पहल बच्चों में परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करके उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और उनके सुखद भविष्य की नींव सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर, शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, आयुक्त स्कूल शिक्षा श्रीमती अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जय नारायण व्यास विवि जोधपुर के कुलपति श्रीवास्तव निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव को कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजभवन के एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार श्रीवास्तव को कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके अनुसार राज्यपाल ने संभागीय आयुक्त जोधपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। जांच रिपोर्ट में प्रो. श्रीवास्तव के विरुद्ध पद का दुरुपयोग करने, राजकार्य में लापरवाही बरतने व विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पहुंचाने के गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रो. श्रीवास्तव के खिलाफ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय अधिनियम, 1962 (यथा संशोधित) की धारा 10(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन दिसंबर 2024 को संभागीय आयुक्त जोधपुर की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था। समिति की जांच में वह दोषी पाए गए। इसके अनुसार राज्यपाल ने इस पर अधिनियम, 1962 (यथा संशोधित) की धारा 11 क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्हें कुलपति पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## सड़क हादसे में महिला व उसकी दो बेटियों की मौत

जयपुर। जयपुर में सोमवार को सड़क हादसे में एक महिला व उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो और अन्य घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार सुबह चोमूं-रेनवाल राजमार्ग पर दो कारों की आमने सामने की टक्कर के कारण हुआ। इससे वहां भारी जाम लग गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाया गया जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। रेनवाल के थाना प्रभारी देवेंद्र चावला ने बताया कि हरसोली ईंट भट्टे के पास दो कारों के बीच टक्कर हुई। इस दुर्घटना में सभी घायलों को दो एंबुलेंस की मदद से रेनवाल (जयपुर) उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें चौमूं रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, किशनगढ़ रेनवाल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मलिकपुर के बाबूलाल यादव सोमवार सुबह अपने परिवार के साथ निकले थे। उनकी कार, सामने से आ रही कार से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि कार में सवार बाबूलाल यादव की पत्नी जमना देवी (48) और उनकी बेटी शिमला (26) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार बाबूलाल यादव, उनका बेटा सुनील और दो बेटियां राजू और लक्ष्मी घायल हो गए। इलाज के दौरान लक्ष्मी (20) की भी मौत हो गई।



# जिला स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोहः प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, गृह राज्य मंत्री ने किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटपूतली-बहरोड़। बानसूर तहसील के माजरा ढाकोड़ा में रविवार को आयोजित जिला स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और समारोह में गुर्जर छात्रावास के कमरे व बरामदे का उद्घाटन किया।गृह राज्यमंत्री का उद्बोधन: 2047 तक आत्मनिर्भर राज्य का सपनासमारोह को संबोधित करते हुए मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने क्षेत्र की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा, हम सभी को मिलकर राज्य को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होना होगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया।

प्रतिभाओं का हुआ सम्मानसमारोह के दौरान शैक्षणिक, खेल, सामाजिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे सम्मान समारोह प्रेरणा स्रोत का कार्य करते हैं।समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थितिकार्यक्रम में शीशराम गुर्जर और दीपेंद्र पोसवाल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। गुर्जर छात्रावास के उद्घाटन ने कार्यक्रम को और अधिक महत्व दिया।गृह राज्य मंत्री के इस दौरे और संवाद ने न केवल क्षेत्र की समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान किया, बल्कि समाज की उन्नति के लिए एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

## पाकिस्तानी संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार, दस्तावेज बनाने में मदद करने वाला आरोपी भी गिरफ्तार

जैसलमेर। राजस्थान पुलिस ने यहां कोतवाली थाना क्षेत्र में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी प्रेमदान रत्नू ने रविवार को बताया कि संदिग्ध पाकिस्तानी युवक को अंतरराष्ट्रीय कॉल पर बातचीत की निगरानी के आधार पर शनिवार को गिरफ्तार किया गया। रत्नू के अनुसार पूछताछ के दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने बताया कि भारत में उसका दस्तावेज बनाने में उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद निवासी सचिन ने उसकी मदद की और विनय कपूर के नाम से उसके भारतीय दस्तावेज बनवाये गये।

थानाधिकारी के मुताबिक संदिग्ध व्यक्ति ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसका नाम रहीमयार खान (35) है और पाकिस्तान का निवासी है। रत्नू ने बताया कि भारतीय दस्तावेज बनाने में मदद करने वाले सचिन चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है तथा दोनों से सभी सुरक्षा जांच एजेंसिया पूछताछ कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा दिया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति कोतवाली थाना क्षेत्र के रीको एरिया गांधी कॉलोनी में रह रहा था। उसके पास से पाकिस्तान का पहचान पत्र, पाकिस्तान मुद्रा एवं भारतीय मुद्रा तथा भारतीय आधार कार्ड, बैंक डायरियां, चैक बुक एवं मोबाइल बरामद किया गया है।



# राज्य सरकार प्रदेश में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए कर रही निरंतर कार्य : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मंदिरों ने भारतीय परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित करने का काम किया है। मंदिर आस्था के प्रतीक होने के साथ ही हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना के भी प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की आत्मा है जिनसे हमारी विरासत मजबूत होती है। हमारी सरकार प्रदेश में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर काम कर रही है।

शर्मा सोमवार को चित्तौड़गढ़ के मातृकुंडिया के पशुपतिनाथ महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चित्तौड़ की धरती शूरवीरों की धरा है। इस धरती पर वीर महाराणा प्रताप, भक्त शिरोमणि मीराबाई जैसी महान विभूतियां हुई हैं। साथ ही, यह भक्ति और अध्यात्म के एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध है। उन्होंने मातृकुंडिया के पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'मेवाड़ का हरिद्वार' के नाम से प्रसिद्ध मातृकुंडिया में स्थापित यह मंदिर एक महत्वपूर्ण आस्था केन्द्र के रूप में उभरेगा और इस क्षेत्र को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा को मानते हुए देश में विकास के साथ विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्होंने गरीब कल्याण, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा, देश की आर्थिक वृद्धि तथा दुनिया में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है जिससे देश के विकास को एक नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने प्रदेश की आवश्यकताओं को समझते हुए पहले बिजली-पानी की आवश्यकताओं पर काम किया है। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णयों से जहां पानी की आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। वहीं, प्रदेश में किसानों को दिन में बिजली देने के उद्देश्य से राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वे किसानों के दर्द को भली-भांति समझते हैं। हमारे अन्नदाता किसानों को अगर खेती के लिए पर्याप्त पानी तथा बिजली मिलेगी तो वे सशक्त होंगे। राज्य सरकार ने किसानों की सम्मान निधि और गेंहू की एमएसपी में वृद्धि जैसे अनेक निर्णय लिए, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष में चार लाख सरकारी नौकरी देकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमने संकल्प पत्र में किए गए 50 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे कर लिए हैं तथा प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने तेजाजी मंदिर, मंगलेश्वर मंदिर और पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जन-स्वास्थ्य आभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, सहकारिता राज्यमंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर, सुरेश धाकड़, चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, एस पी सुधीर जोशी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# देश का युवा अलगाववादी ताकतों को जवाब देने में सक्षम : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं को राष्ट्रवादी सोच के साथ देश को आगे ले जाने में सक्षम बताते हुए कहा है कि भारत के युवा कभी भी अलगाववादी ताकतों के मंसूबे पूरे नहीं होने देंगे। देवनानी ने रविवार सायं यहां में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा नागरिक अभिनन्दन समारोह में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर और भारत की तरफ बाहरी तत्वों की गिद्ध दृष्टि है। भारत का युवा इन्हें मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। आज का विद्यार्थी देश का सुयोग्य नागरिक है और राष्ट्रवादी सोच के साथ वह देश को आगे ले जाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति एकता, समन्वय, सामंजस्य, स्नेह, और सहिष्णुता की संस्कृति है। यही भारत की आत्मा है। हमने विश्व की विभिन्न संस्कृतियों को अपने में आत्मसात करते हुए, उन्हें आदर और सम्मान देने के बावजूद अपने अस्तित्व और आदर्शों को जिंदा रखा है। इसलिए आदिकाल से अब तक हमारा अस्तित्व, आदर और सम्मान बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि आज चीन सहित कई विदेशी ताकतों की गिद्ध दृष्टि भारत की तरफ है। वे पूर्वोत्तर सहित भारत की तरफ देख रहे है लेकिन हमारा युवा उनके मंसूबे कभी सफल नहीं होने देगा। भारत का युवा आज राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत है। वह दुनिया की किसी भी शक्ति को मुंहतोड जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। भारत का युवा राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने को जो संकल्प लिया है इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील, एकता के अनुपालक-अनुगामी स्टूडेंटस एक्सपीरियंस इन इंटर स्टेट लिविंग द्वारा अंतर राज्यीय छात्र जीवन दर्शन राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत के शिक्षा मंदिरों, शिक्षा परिसरों में शैक्षिक परिवार की संकल्पना के साथ राष्ट्र पुनः निर्माण के उद्देश्य से छात्र संगठन कार्यरत है।



छात्र संगठन स्वाधीनता के समय से राष्ट्र सम्मान और राष्ट्रीय संस्कारों- संस्कृति की दृढ़ता और पूर्णता के साथ-साथ छात्र शक्ति के निर्माण के लिए कार्यरत है। स्टूडेंटस एक्सपीरियंस इन इंटर स्टेट लिविंग भारत के समस्त छात्रों के मध्य एकता, जुड़ाव एवं भावनात्मक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। युवाओं के मध्य भावनात्मक और मजबूत स्नेह संबंधों को अधिक प्रगाढ़ करने के लिए संगठन ने प्रत्येक छात्र को एक स्थानीय मेजबान परिवार में समायोजित करने का कार्य किया है जहां रुकने वाला मेहमान नहीं बल्कि परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है।

# सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से पात्र लाभार्थी वंचित ना रहे : अविनाश गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित ना रहे और अपात्र का चयन ना हो। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को तय समय सीमा में योजनाओं का लाभ मिले और संबंधित प्रकरणों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो यही अधिकारियों का लक्ष्य होना चाहिए।



गहलोत ने सोमवार को प्रदेश के सभी प्रशाखा प्रभारी अधिकारी एवं जिलाधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अधिकारी पेंशन और छात्रवृति से जुड़े सभी प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर में कैंप लगाकर पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक 95 फीसद से अधिक वार्षिक सत्यापन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जाएगा। गहलोत ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग को जितना बजट आवंटित हुआ था, इसमें से 85 प्रतिशत की राशि विभिन्न योजनाओं पर खर्च की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शेष बची राशि को भी आगामी 2 महीनों में खर्च कर ली जाएगी।

सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि 'नशा मुक्त' समाज का निर्माण ही केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी इस अभियान को 'जन जागरण अभियान' के रूप में चलाकर पुनीत काम कर सकते हैं। उन्होंने 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग' योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण, लंबित भुगतान में गति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिन में एक बार वृद्धाश्रम और डे केयर सेंटर का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

गहलोत ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना, छात्रावास योजना, स्वावलंबन पोर्टल, उत्तर मैट्रिक छात्रवृति, डॉ सविता अंबेडकर अंतरजातीय विवाह, मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना, गाड़िया लोहारों को कच्चा माल क्रय हेतु सहायता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजना, नवजीवन योजना, आंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आवासीय विद्यालय योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन योजना, वृद्ध कल्याण, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह, नशामुक्त भारत सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा कर इनमें गति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से समाज के पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाया जा रहा है। ऐसे में सभी अधिकारी अपने अपने स्तर पर जिम्मेदारी से काम करते हुए कार्य संपादित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका ने कहा कि विभाग का 80 का फीसदी बजट सामाजिक उत्थान के लिए पेंशन प्रकरणों में जाता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम सभाओं में जाकर पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण करवाने का मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए।

# महाकुंभ नगर की ओर जाने वाली सारी सड़कें जाम, काशी और अयोध्या में भी मुश्किल हालात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**महाकुंभ नगर/वाराणसी/अयोध्या/भाषा।** महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और भारी भीड़ से निपटने के लिये रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वास्ते कई नई व्यवस्थाएं की हैं। कई क्षेत्रों में व्यापक जाम और अन्य परेशानियों के बावजूद महाकुंभ नगर तथा वाराणसी में लोगों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करने के लिये कूच कर रहे हैं। इससे इन दोनों नगरों की भी यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है। प्रयागराज के सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ मेले से निकलने वाली ज्यादातर भीड़ काशी और अयोध्या वाले मार्ग की ओर जा रही है। सरकार के मुताबिक, महाकुंभ में प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ लोग स्नान कर रहे हैं।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रयागराज स्टेशन के बाहर मौजूद भारी भीड़ की वजह से स्टेशन से बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा के चलते उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन 9 फरवरी को अपराह्न 1:30 बजे से 14 फरवरी के रात्रि 12:00 बजे तक यात्री आवागमन के लिए अस्थायी तौर पर बंद किया गया है। महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले अन्य आठ स्टेशनों से हालांकि नियमित और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से हो रहा है। प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले (2019) कुंभ में इतनी भीड़ नहीं आई थी खासकर सामान्य दिनों में, लेकिन इस बार सामान्य दिनों में इतनी अधिक भीड़ आ रही है जिससे यातायात जाम की स्थिति बनी है। संगम में डुबकी लगाने बेटे के साथ रांची से सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं डाक्टर सुषमा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, संगम में स्नान करने और मेला घूमने के बाद हम काशी जाकर भगवान भोले बाबा के दर्शन करेंगे और इसके बाद हमारी योजना अयोध्या जाने की है। इस बीच, अयोध्या से प्राप्त खबरों के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को रेला अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। जबर्दस्त भीड़ की वजह से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कें कई किलोमीटर तक जाम हैं। अयोध्या को जोड़ने वाले छह राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न बैरिकेडिंग पर तैनात अधिकारियों ने 'पीटीआईभाषा' को बताया कि लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। यहां तक कि दो पहिया वाहन भी रेंगते दिख रहे हैं।

# प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करना एक भावुक और दिव्य अनुभव : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में सोमवार को डुबकी लगाने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे एक भावुक और दिव्य अनुभव बताते हुए कहा कि यह उनके हृदयपटल पर सदैव अंकित रहेगा। धामी ने अपनी मां, पत्नी और पुत्र सहित पूरे परिवार के साथ संगम में स्नान किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपना अनुभव साझा करते हुए लिखा, ''पतितपावनी मां गंगा, मां यमुना एवं मां सरस्वती के परमपवित्र दिव्य त्रिवेणी संगम में महाकुंभ-2025 के अलौकिक एवं पुण्यदायी कालखंड में सपरिवार स्नान का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ।''

धामी ने इसे 'अविस्मरणीय क्षण' बताते हुए कहा कि इस पवित्र जलराशि से अभिसिक्त होकर आध्यात्मिक शुद्धि एवं दिव्यता का अद्वितीय अनुभव प्राप्त हुआ। धामी ने बताया कि उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की पुनीत धरा पर ईश्वर से समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''महाकुंभ शताब्दियों से अपनी अक्षुण्णता बनाए रखते हुए सनातन धर्म की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता के माध्यम से कोटि जनों को धर्म व संस्कृति से जोड़ता आ रहा है। यह केवल आध्यात्मिक चेतना ही नहीं अपितु राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विश्व बंधुत्व का प्रतीक है जो मानवता को नैतिक मूल्यों एवं विश्व मंगल की ओर प्रेरित करता है।''

उन्होंने एक अलग पोस्ट में अपनी माताजी को संगम में स्नान कराने के अनुभव के बारे में लिखते हुए कहा कि इसे शब्दों में पिरोना संभव नहीं है। पुष्कर सिंह धामी ने कहा, ''आज प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम के पुण्य सलिल में माताजी को स्नान कराने का सौभाग्य मिला। यह मेरे जीवन के उन अमूल्य और भावुक क्षणों में से एक है, जिन्हें शब्दों में पिरोना संभव नहीं है।'' धामी ने कहा कि यह क्षण उनके हृदयपटल पर सदैव अंकित रहेगा।



# संप्रग के समय 'स्कैम भारत' था, आज मोदी के नेतृत्व में 'सक्षम भारत' है : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल में देश के बजाय एक परिवार को तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय देश 'स्कैम भारत' था, जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 'सक्षम भारत' बन गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश में 'कर आतंकवाद' था, लेकिन आज मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को न मध्यम वर्ग से मतलब है, न गरीब से और इसलिए इन घोषणाओं पर वह खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को 'बैंडेज बजट' की संज्ञा दी थी। ठाकुर ने कहा कि यह तो 'बूस्टर शॉट बजट' है। उन्होंने कहा, ''आप (कांग्रेस) घाव पर घाव देते रहे, हमने मरहम लगाया है।''

ठाकुर ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश में सामने आए 2जी, कोयला और सीडब्ल्यूजी घोटाले आदि का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में 'स्कैम भारत' था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसे 'सक्षम भारत' की ओर लेकर आए हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों का उल्लेख करते हुए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा समेत लगातार छठे चुनाव में राजधानी में कांग्रेस शून्य पर सिमट गई है।

## 'कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह गठबंधन की राजनीति करेगी या अकेला चलेगी'

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार कांग्रेस की अपमानजनक हार के बाद सोमवार को वरिष्ठ पार्टी नेता तारिक अनवर ने कहा कि इस सबसे पुराने दल को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि वह गठबंधन की राजनीति करना चाहती है या अकेले चलना चाहती है। उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में भी मूलभूत परिवर्तन की मांग की। हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक कुछ नहीं कहा।

बिहार के कटिहार से पार्टी के सांसद अनवर ने 'एक्स' पर लिखा, ''कांग्रेस को अपनी राजनीतिक रणनीति को स्पष्ट करने की जरूरत है। उसे तय करना होगा कि वह गठबंधन की राजनीति करेगी या अकेला चलेगी। '' पूर्व कांग्रेस महासचिव अनवर ने कहा, ''साथ ही, पार्टी के संगठन में आमूलचूल परिवर्तन करना भी जरूरी हो गया है।'' दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम की शनिवार को घोषणा हुई। इस बार भी कांग्रेस विधानसभा चुनाव में एक भी सीट जीत नहीं पायी। विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन लगातार तीसरी बार खराब रहा। कांग्रेस के लिए एकमात्र सांत्वना यह है कि दिल्ली में उसके मत प्रतिशत में मात्र दो फीसद का मामूली सुधार हुआ है।

# वैष्णव ने प्रयागराज स्टेशन बंद होने की खबरों को खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज स्टेशन बंद होने की खबरों को महज अफवाह करार देते हुए सोमवार को कहा कि क्षेत्र के सभी आठ स्टेशनों से रेलगाड़ियों का परिचालन सुचारू और सुव्यवस्थित तरीके से हो रहा है।

वैष्णव ने यहां रेल भवन में मीडिया से कहा कि श्रद्धालुओं को स्टेशन बंद होने की अफवाहों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''प्रयागराज के सभी आठ स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का परिचालन सुचारू और बहुत सुव्यवस्थित है।

रेलवे राज्य प्रशासन के साथ बहुत ही समन्वित तरीके से काम कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''कल प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र स्टेशन से देश के विभिन्न स्थानों के लिए 330 रेलगाड़ियां रवाना हुईं। इन रेलगाड़ियों में कुल 12.5 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की।''

वैष्णव महाकुंभ मेला शुरू होने से पहले रेल भवन में स्थापित 'वॉर रूम' भी गये ताकि स्टेशनों की निगरानी और रेल सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं की समीक्षा की जा सके।

स्टेशन बंद होने की अफवाहों के कारणों के बारे में बात करते हुए उत्तर मध्य रेलवे (जिसके अंतर्गत प्रयागराज मंडल आता है) के अधिकारियों ने कहा कि समान नाम वाले दो स्टेशन हैं - प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम।

## महाकुंभ में कहीं पैदा हुई गंगा, जमुना तो कहीं जन्में भोलेनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**महाकुंभ नगर/भाषा।** महाकुंभ क्षेत्र में बने सेंट्रल हॉस्पिटल में अभी तक कुल 12 बच्चों का जन्म हुआ है और इनके माता पिता में से किसी ने अपने बच्चे का नाम गंगा, किसी ने जमुना, किसी ने भोले नाथ तो किसी ने बजरंगी रखा है। सेक्टर दो स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल की मैटर्न रमा सिंह ने बताया कि कल रात में ही फूलपुर तहसील के सराय चंडी से आई नेहा सिंह ने एक बेटे को जन्म दिया और बेटे के पिता दीपक अपने बेटे का नाम कुंभ रखने पर अड़े हैं। हमने कहा कि कुंभ नाम 29 दिसंबर को जन्मे एक बच्चे का पहले ही रखा जा चुका है। हमने इस बच्चे को कुंभ-2 नाम दिया है।

बेटे के पिता दीपक ने बताया, मैं हरियाणा में नौकरी करता हूं और सेक्टर 18 में मेरी मां कल्पवास कर रही हैं। उनकी सेवा के लिए मैं छुट्टी लेकर अपनी पत्नी नेहा के साथ यहां आया था। कल रात प्रसव पीड़ा उठने पर मैंने एंबुलेंस को फोन लगाया और पत्नी को सेंट्रल हॉस्पिटल लाया जहां रात करीब दो बजे उसने एक लड़के को जन्म दिया। दीपक ने कहा, भले ही अस्पताल वाले मेरे बेटे का नाम कुंभ नहीं रख रहे हैं, मैं उसका नाम कुंभ ही रखूंगा क्योंकि वह इस महाकुंभ में पैदा हुआ है। रमा सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी को रात में एक महिला ने बेटे को जन्म दिया जिसका नाम बसंत रखा गया। वहीं, इसी स्नान पर्व पर एक महिला ने बेटी को जन्म दिया जिसका नाम बसंती रखा गया। सेंट्रल हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर मनोज कौशिक ने बताया कि सेंट्रल हॉस्पिटल में अभी तक कुल 12 बच्चों का जन्म हो चुका है। सभी प्रसव सामान्य तरीके से कराए गए। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे जहांगीराबाद (बाराबंकी), चित्रकूट, कौशांबी और कई प्रदेशों जैसे झारखंड, मध्य प्रदेश आदि की महिलाओं का प्रसव कराया गया।

रमा सिंह बताया कि प्रसव उपरांत ज्यादातर लोग जल्दी छुट्टी मांगते हैं, लेकिन हमें 24 घंटे तक प्रसूती को निगरानी में रखना पड़ता है जिसके बाद ही हम छुट्टी देते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत सी महिलाएं प्रसव की तिथि नजदीक होने के बावजूद मेले में इस आस्था के साथ आती हैं कि कुंभ मेले में जन्मा बच्चा भाग्यशाली होगा।

## बजट 2047 तक भारत को विकसित बनाने के मोदी सरकार के संकल्प का 'रोडमैप' : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट को असाधारण रूप से सफल करार देते हुए कहा कि यह 2047 तक भारत को विकसित बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के संकल्प का 'रोडमैप' है। उच्च सदन में आम बजट पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य दिनेश शर्मा ने बजट को असाधारण रूप से सफल बताया और कहा कि जल्द ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने वाला है, जिसमें महंगाई पर काबू पाने के भी प्रयास किए हैं।

शर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने कभी भी मध्यम वर्ग का खयाल नहीं किया और मौजूदा सरकार ने इस वर्ग को ध्यान में रखते हुए 12 लाख रुपए तक की सालाना आय को आयकर से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने 'रेपो दर' में भी कमी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 'रेपो दर' में कमी के क्रमिक प्रभाव होंगे और एक ओर ऋण सस्ता होगा, वहीं बचत और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए गए हैं और सरकार ने वित्तीय घाटा पर काबू पाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।





# यात्रा ट्रंप के पहले कार्यकाल में द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाएगी : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका की उनकी यात्रा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों देशों के बीच सहयोग में मिली सफलताओं को आगे बढ़ाने का एक अवसर होगी। फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इससे प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति शृंखला में लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और अधिक बढ़ाने तथा गहरा करने के लिए एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

बाद में प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, ''यह यात्रा भारत-अमेरिका मित्रता को और मजबूत करेगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करने की यादें ताजा हैं तथा मुझे विश्वास है कि हमारी वार्ता उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी।'' उन्होंने कहा कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात होगी। मोदी ने कहा, ''हम दोनों देशों के लोगों के आपसी लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं।'' मोदी 10 फरवरी से 12 फरवरी तक फ्रांस का दौरा करेंगे और फिर वहां से दो दिवसीय यात्रा पर अमेरिका जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह विश्व नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के एक सम्मेलन 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं, जहां वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार एवं व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी को लेकर सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

मोदी ने कहा, ''दो देशों की मेरी यह यात्रा मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए '2047 होराइजन रोडमैप' पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।'' दोनों नेता फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्सिले की यात्रा करेंगे।

## विपक्षी गठबंधन को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है : प्रियंका चतुर्वेदी



**नई दिल्ली/भाषा।** शिवसेना (उबाठा) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती देने के लिए आगे की रणनीति तय करने को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी दलों को एक साथ आना चाहिए क्योंकि एक-दूसरे से लड़ने से कोई फायदा नहीं होने वाला।

दिल्ली विस चुनाव में आप की हार के बाद विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चतुर्वेदी ने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस' (इंडिया) को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि 'इंडिया' को एकजुट होकर काम करना चाहिए, एकजुट होकर सोचना चाहिए और यह महसूस करना चाहिए कि हमारी निजी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं देश के हितों पर हावी हो रही हैं।'' चतुर्वेदी ने कहा, ''हमें अपने लोकतंत्र, संविधान को बचाने की जरूरत है। यही कारण है कि 'इंडिया' गठबंधन एक साथ आया। अगर हम उस पूरी अवधारणा के खिलाफ जा रहे हैं, यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर कोई हार जाए, और एक-दूसरे को हराने में व्यस्त हैं, तो यह उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा जिसके लिए हम एक साथ आए हैं। हमें ईमानदार रहना चाहिए, संवाद करना चाहिए, मिलकर काम करना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि हम भाजपा के खिलाफ जोरदार लड़ाई लड़ें।''

## विधानमंडलों में नियोजित व्यवधान संविधान की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद और विधानमंडलों की कार्यवाही में सदस्यों की कम हो रही भागीदारी तथा राजनीतिक गतिरोध पर सोमवार को चिंता जताई और कहा कि विधानमंडलों में नियोजित व्यवधान संविधान की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम मे विधायकों को संबोधित किया।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने विधायकों से आग्रह किया कि वे सत्र के दौरान सदन में अधिक समय बितायें और विभिन्न पक्षों की राय सुनें, जिससे लोगों के मुद्दों को समझने और उनसे निपटने में उनका नजरिया व्यापक होगा।

उनका कहना था कि विधानमंडलों में योजनाबद्ध व्यवधान संविधान की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ''जो विधायक सदन में जितनी अधिक तैयारी के साथ आएंगे, उनकी भागीदारी उतनी ही अधिक प्रभावी होगी तथा सदन की कार्यवाही उतनी ही अधिक उत्पादक होगी। सर्वश्रेष्ठ विधायक वही होता है जो सदन की कार्यवाही में पूर्ण सहभागिता करता है और समय-समय पर संसदीय कार्यों को समझकर, अच्छे शोध के साथ तर्कपूर्ण चर्चा करता है।''

बिरला के अनुसार, यह चिंता का विषय है कि विधानमंडलों की बैठकों की संख्या घटती जा रही है परंतु देश की सभी विधानसभाओं में महाराष्ट्र विधानसभा की कार्योत्पादकता प्रशंसनीय है।

## बिहार चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगा : शाम्भवी



**नई दिल्ली/भाषा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शाम्भवी ने सोमवार को दावा किया कि इस साल के आखिर में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 'ताबूत में आखिरी कील' साबित होगा तथा यह गठबंधन डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगा। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि बिहार से ताल्लुक रखने वाले आर्य भट्ट ने 'शून्य' की खोज की थी और अब वही शून्य दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिला है।

शाम्भवी ने कहा कि बिहार का विधानसभा चुनाव 'इंडिया' गठबंधन के 'ताबूत में आखिरी कील' साबित होगा। उन्होंने कहा, ''बिहार चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन उसी तरह लुप्त हो जाएगा जैसे कभी डायनासोर हुए थे।''

चर्चा में भाग लेते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हायर ने कहा कि बजट में पंजाब की अनदेखी की गई है।

# लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम में अक्षर के बाद आने पर उठे सवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और इंग्लैंड के बीच कटक में दूसरे एकदिवसीय मुकाबले के अंत में प्रसारणकर्ता के कैमरे ने कुछ समय के लिए डग-आउट में बैठे ऋषभ पंत को दिखाया जबकि इस दौरान मैदान पर लोकेश राहुल छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे। राहुल को इस मैच में पंत पर तरजीह मिली थी इसलिए उनका बल्लेबाजी क्रम में इतना नीचे आना हैरानी भरा था।

कमेंट्री पर रहे रवि शास्त्री गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह राहुल जैसे शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाज को छठे नंबर पर उतारने को लेकर अपनी भावनाओं को जाहिर करने से खुद को नहीं रोक पाए। शुरुआती दो मैच में अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारा गया। भारतीय क्रिकेट में कई लोगों ने शास्त्री की भावनाओं को साझा किया और यह भी आश्चर्य व्यक्त किया कि अगर प्रबंधन राहुल से ऊपर अक्षर को भेजने के लिए बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजी संयोजन के फॉर्मूले पर अड़ा रहता है तो पंत जैसे विस्फोटक खिलाड़ी का क्या होगा। अगर नतीजों पर गौर करें तो मुख्य कोच गौतम गंभीर सही साबित होते हैं क्योंकि अक्षर ने शुरुआती दो मैच में 52 और नाबाद 41 रन बनाए लेकिन वह ऐसे समय पर बल्लेबाजी करने उतरे जब भारत जीत की ओर बढ़ रहा था। शास्त्री ने प्रसारणकर्ता 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''भारत अगले मैच और चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के संयोजन के बारे में सोच रहा होगा। ऋषभ पंत बेंच पर बैठे हैं। कुछ सवालों के जवाब देने होंगे।'' पंत ने 31 एकदिवसीय मुकाबलों में 33 से कुछ अधिक की औसत से 871 रन बनाए हैं जो काफी अच्छे आंकड़े नहीं हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों मे क्रिकेट के मापदंड बदल गए हैं। किसी खिलाड़ी का खेल के किसी चरण में किस तरह का प्रभाव पड़ सकता है, यह भी देखना होगा। अगर राहुल को ऐसे खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है जो एकदिवसीय में 30वें या 35वें ओवर के बाद बल्लेबाजी के लिए आएगा तो इस बात की पूरी संभावना है कि पंत उनसे ज्यादा प्रभाव डाल सकते हैं।

# ओडिशा सरकार ने राज्य क्रिकेट संघ को कारण बताओ नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** भारत और इंग्लैंड के बीच कटक के बाराबती स्टेडियम में खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान फ्लडलाइट की खराबी के कारण व्यवधान उत्पन्न होने से शर्मिंदा राज्य सरकार ने सोमवार को ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) को कारण बताओ नोटिस जारी करके 10 दिन के अंदर जवाब देने के लिए कहा। रविवार को खेले गए इस मैच में एक टावर की बिजली गुल हो गई थी जिसके कारण लगभग 30 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था।

ओडिशा के खेल निदेशक सिद्धार्थ दास ने ओसीए सचिव संजय बेहरा को लिखे पत्र में कहा, ''ओसीए को व्यवधान के कारण बताने के लिए विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने और उन व्यक्तियों और एजेंसियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जो इस तरह की खामियों के लिए जिम्मेदार थे।'' पत्र में 10 दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

### सुविचार

**जो ज्ञानी होता है उसे समझाया जा सकता है, जो अज्ञानी होता है उसे भी समझाया जा सकता है, लेकिन जो अभिमानी होता है उसे कोई नही समझा सकता, उसे केवल वक्त ही समझा सकता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# परीक्षा को बनाएं उत्सव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में 'पढ़ाई' और 'प्रदर्शन' के बारे में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया, उन्हें सुनकर बहुत लोगों को महसूस हुआ होगा कि अगर उन्हें पढ़ाई के दिनों में ये बातें किसी ने बताई होतीं तो जीवन की दिशा कुछ और ही होती। प्रधानमंत्री ने सत्य कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें, लेकिन परीक्षा का दबाव न लें। अक्सर ऐसा होता है कि कोई विद्यार्थी सालभर बहुत मेहनत करता है और जैसे-जैसे परीक्षा की तारीख नजदीक आती है, वह दबाव महसूस करने लगता है। उसे लगता है कि 'अन्य सहपाठियों की तैयारी तो बहुत अच्छी है, जबकि मैं पीछे रह गया हूं।' कई बच्चे आत्मविश्वास के मामले में अस्थिरता के शिकार हो जाते हैं। वे पहले किसी प्रश्न का सही उत्तर लिख देते हैं। फिर उन्हें महसूस होता है कि शायद इस उत्तर में कोई गड़बड़ हो गई। इसके बाद वे दोबारा उत्तर लिखते हैं और गलती कर देते हैं। जब परीक्षा के नतीजे घोषित होते हैं तो कई विद्यार्थी तनावग्रस्त हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि किसी विषय में कम नंबर आ गए तो उनका भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि अच्छे नंबर आए हों तो कुछ चीजें आसान हो जाती हैं, लेकिन ये न तो उज्ज्वल भविष्य की गारंटी हैं और न ही कम नंबर आने का यह मतलब है कि अब आप जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। ऐसे बहुत लोग हैं, जो पढ़ाई-लिखाई में औसत थे, लेकिन जीवन में बहुत सफल रहे। हमारे देश में कितने ही उद्योगपति, वैज्ञानिक, राजनेता, अधिकारी ऐसे मिल जाएंगे, जिन्होंने अपनी मेहनत, सूझबूझ और कौशल के साथ वह मुकाम हासिल किया, जिसकी अपने विद्यार्थी जीवन में कल्पना नहीं की थी।

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से यह कहकर कई विद्यार्थियों के मन की बात साझा की है कि एक बच्चे की दूसरे से तुलना न करें। हर विद्यार्थी में अलग खूबियां होती हैं। उसकी किसी दूसरे विद्यार्थी से तुलना करना उचित नहीं है, खासकर सबके सामने! इससे उसे बुरा लगता है और हीनभावना पैदा होती है। कई शिक्षक, जिनकी मंशा विद्यार्थी के प्रदर्शन में सुधार लाने की होती है, पूरी कक्षा के सामने यह कहकर बच्चे का मनोबल तोड़ देते हैं- 'तुम्हें तो कुछ आता ही नहीं, उस बच्चे को देखो, वैसा बनने की कोशिश करो ... क्यों माता-पिता के पैसे बर्बाद कर रहे हो, तुम उतने नंबर लेकर नहीं आ सकते ... तुम्हारा तो बेड़ा ही पार है, इस बच्चे से कुछ सीखो, अन्यथा अगले साल यहीं बैठे नजर आओगे ... तुम्हें कितना ही पढ़ा दूं, नतीजा तो वही आएगा, जो हर साल आता है ...!' अगर शिक्षक द्वारा काफी कोशिशों के बावजूद विद्यार्थी के प्रदर्शन में खास सुधार होता नहीं दिख रहा है तो उसकी वजहों का पता लगाना चाहिए। उसे मार्गदर्शन के लिए स्नेह के साथ समझाना चाहिए। पूरी कक्षा या अन्य विद्यार्थियों के सामने डांट-फटकार लगाने से सुधार की संभावना कम ही होगी। हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत चर्चित हुआ था, जिसमें दो स्कूलों में पढ़ाई के तौर-तरीके दिखाए गए थे। पहले, यूरोप के किसी स्कूल में एक शिक्षिका छोटी कक्षाओं के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना सिखाती हैं। कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ उनका व्यवहार उस बड़ी बहन जैसा था, जो उन्हें पढ़ाई में व्यस्त तो रखती हैं, लेकिन उनके मिज़ाज में कोई सख्ती नहीं होती। इसके बाद, दूसरे दृश्य में दक्षिण एशिया का एक स्कूल दिखाया जाता है। उसमें एक शिक्षक अपने हाथ में मोटा-सा डंडा लेकर विद्यार्थियों की खूब पिटाई करते हैं। इससे सभी बच्चे बहुत डरे हुए रहते हैं। क्या ऐसा माहौल पढ़ाई के लिए उचित है? हर साल कई बच्चे शिक्षकों से पिटने के बाद गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। कुछ तो दम तोड़ देते हैं। पिटाई करते हुए पढ़ाना बहुत गलत तरीका है। इससे हमेशा बचना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



फेल होने से जिंदगी अटक नहीं जाती है। आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है कि किताबों से सफल होना है। जीवन में सफल होने का एक उपाय ये होता है कि अपने जीवन की विफलताओं को अपना टीचर बना लें। जीवन समग्रता में देखना चाहिए।

**-नरेन्द्र मोदी**



सदन में नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा करना संसदीय लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। हमारी कोशिश हो कि विधान मंडलों की नियम प्रक्रियाओं का उचित अध्ययन कर, तथा पुराने अनुभवों से सीखकर सर्वश्रेष्ठ विधायी सदस्य बनें।

**-ओम बिरला**



सभी प्रदेशवासियों को निर्माण व सृजन के देव भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस पावन अवसर पर देशनिर्माण में योगदान दे रहे सभी वास्तुकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ एवं सृष्टि के रचयिता श्रमिकों व कामगारों को नमन करती हूँ।

**-वसुंधरा राजे**

### प्रेरक प्रसंग

## जीवन की दिशा



दादू दयाल तब अभी संत नहीं बने थे। एक दिन वे दुकान पर बैठे हिसाब-किताब लिखने में मग्न थे। उनके गुरु आकर द्वार पर खड़े हो गए, लेकिन दादू को इसकी खबर तक न हुई। बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। अचानक दादू की नजर बाहर गई और द्वार पर गुरु को खड़ा देख वे तुरंत दौड़कर उनके चरणों में गिर पड़े। आंखों में आंसू भरकर बोले, 'माफ़ कर दीजिए गुरुदेव! दुनियादारी के कामों में मैं इतना डूब गया था कि आप आकर दहलीज पर खड़े रहे, तो भी मेरा ध्यान उस ओर नहीं गया।' गुरु ने वात्सल्यपूर्ण स्वर में कहा, 'मैं तो थोड़ी देर से खड़ा हूं, परंतु बेटा, प्रभु तो अनंत काल से तुम्हारे द्वार पर खड़ा तुम्हारे बुलावे का इंतजार कर रहा है।' दादू के जीवन की दिशा उसी दिन से बदल गई।'

### सामयिक

# दिल्ली भाजपा की जीत में मुस्लिम मतों का मिथक

अवधेश कुमार
मोबाइल : 981027208

भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया। क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरुद्ध मतदान करते हैं। इस धारणा को तोड़ने के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के विरुद्ध आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदर्शन कर रहा था जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेंद्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।

दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया। उन्हें 85 हजार 215 तथा आदिल अहमद को 67 हजार 637 मत मिले। यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली



मेहंदी को केवल 11 हजार 763 वोट मिले। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में है तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला।

जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। उन्हें 38 हजार 859, मनीष सिसोदिया को 38 हजार 184 और कांग्रेस के फरहाद सूरी को 7 हजार 350 वोट मिला। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला।

ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनावों में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। अरविंद केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिंदुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18। हजार वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिंदुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी आईएनडीआईए अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इक़बाल को मटियामहल से इस चुनाव में 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबेर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है। इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रुख क्या रहा।

मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। भाजपा प्रत्याशी आप प्रत्याशी से पहले राउंड में ही पीछे गए। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबेर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गये।

चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी । बल्लीमारान में भाजपा के पार्षद कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है लेकिन यहां हिंदुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है। इस कारण मनोज जिंदल ने 49 हजार 870 मत पाया और कांग्रेस के अनिल भारद्वाज को 10 हजार 057 ही मिला। चांदनी चौक से कांग्रेस के मुदित अग्रवाल को केवल ने 9 हजार65 वोट मिले जबकि आप के पुनरदीप सिंह को 38 हजार 993 और भाजपा के सतीश जैन को 22 हजार 421।

इन आंकड़ों से साफ हो जाता है कि ज्यादातर क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं ने पूर्व की तरह भाजपा को हराने के लिए रणनीतिक मतदान किया। बहुचर्चित ओखला क्षेत्र आइए। ओखला में आप के अमानतुल्लाह खान को 88 हजार 943 जबकि एआईएमआईएम के सिफ़उर रहमान को केवल 3 हजार 958 मत मिला और भाजपा के मनीष चौधरी को 65 हजार 304 वोट मिले। बाबरपुर में गोपाल राय को 76 हजार 192 और भाजपा के अनिल वशिष्ठ को 57 हजार 198 मत मिला। यहां भी कांग्रेस के मोहम्मद इशराक को केवल 8 हजार 797 मत प्राप्त हुए।

गोकुलपुर से आप के सुरेंद्र कुमार ने 80 हजार 504 मत पाकर भाजपा के प्रवीण निमेष को 8 हजार 260 मतों से पराजित किया जिन्हें 72 हजार 297 मत मिला और कांग्रेस के ईश्वर सिंह केवल 5 हजार 905 तक सीमित रह गए। करावल नगर में कपिल मिश्रा को 1 लाख 7367 वोट मिला जबकि आप के मनोज त्यागी को 84 हजार 12 और कांग्रेस के पीके मिश्रा को 3921 वोट मिले। गांधीनगर में भी अरविंदर सिंह लवली केवल 12 हजार 748 मतों से जीते। क्यों? उन्हें 56 हजार 858 मत मिला जबकि आप के नवीन चौधरी को 44 हजार 110 एवं कांग्रेस के कमल अरोड़ा को 3 हजार 453। अरविंदर सिंह कांग्रेस से आए हैं और मुसलमानों के बीच भी उनका अच्छा प्रभाव माना जाता रहा है। वैसे गांधीनगर और करावल नगर सीट पिछली बार भी भाजपा के खाते में गया था और कारण यही था कि कांग्रेस ने ठीक-ठाक वोट काटा । सीमापुरी आरक्षित सीट है किंतु यहां भी मुस्लिम मत प्रभावी है। यहां आप के वीर सिंह धिंगाना ने 10 हजार 368 मतों से जीत हासिल की। उन्हें 66 हजार 353 और भाजपा के कुमारी रिंकू को 55 हजार 985 मत मिले तथा कांग्रेस के राजेश लिलोठिया केवल 11 हजार 823 मत पा सके।

इस तरह मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो कहीं नहीं दिखेगा कि मुस्लिम मत भाजपा की ओर गया। भाजपा के सदस्य तथा एक दो प्रतिशत कहीं मतदान कर दें तो अलग बात है, अन्यथा मुस्लिम मतों की प्रवृत्ति भाजपा को हराने की ही रही। दरअसल , अलग-अलग मुस्लिम संगठनों, इमामों, मौलवीयों, मुल्लाओं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्टों आदि प्रमुख चेहरों ने हिंदुत्व विचारधारा के साथ भाजपा की इस्लाम विरोधी, दीन विरोधी छवि बना दिया है। इस कारण उनका वोट मिलना तत्काल मुश्किल है। भविष्य के बारे में अभी कुछ कहना कठिन है।

### नजरिया

# रैदास युगपुरुष और युगस्रष्टा सिद्ध संत थे

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

महामना संत रविदास कहो या रैदास- भारतीय संत परम्परा, भक्ति आन्दोलन और संत-साहित्य के जहां महान हस्ताक्षर है, वहीं वे अलौकिक-सिद्ध संत, समाज सुधारक, साधक और कवि हैं। दुनियाभर के संत-महात्माओं में उनका विशिष्ट स्थान है। सद्गुरु रामानंद के पारस स्पर्श ने चर्मकार रैदास को भारत वर्ष का महान चमत्कारी एवं सिद्धात्मा संत बना दिया था। वे निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। मन चंगा तो कठौती में गंगा, यह संत शिरोमणि रैदासजी के द्वारा कहा गया अमर सूक्ति भक्ति दोहा है, जो आज भी भारत के घर-घर में लोकप्रिय है। वे कबीर के समसामयिक कहे जाते हैं। उन्होंने जीवनपर्यन्त छुआछूत, ऊंच-नीच, जातिवाद जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराइयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान समाज सुधारक संत रैदासजी को जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

रैदासजी ने समता और समरसता की शिक्षा भी दी, और हमेशा दलितों, वंचितों की विशेष रूप से चिंता भी की। स्पष्ट है कि रैदासजी जैसे महान भक्त जाति, क्षेत्र तथा व्यवसाय आदि बंधनों से मुक्त थे। इसलिए रैदासजी हर जाति, वर्ग तथा व्यवसाय के लोगों के लिए पूजनीय है। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी बूंटी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना



रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यों से हुई।

रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन उनके जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 12 फरवरी 2025 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था।

मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए।

जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रैदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित मानवता, समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। जूते बनाने के कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। रैदासजी श्रीराम और श्रीकृष्ण भक्त परंपरा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं जिन पर कई धुनों में भजन भी बनाए गए हैं। जैसे, प्रभुजी तुम चंदन हम पानी- इस प्रसिद्ध भजन को सभी गुनगुनाते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी धन के बदले आत्मा की आवाज को नहीं बदला तथा शक्ति और पुरुषार्थ के स्थान पर कभी संकीर्णता और अकर्मण्यता को नहीं अपनाया। रैदासजी के उच्च आदर्श और उनकी वाणी, भक्ति एवं अलौकिक शक्तियों से प्रभावित होकर अनेक राजा-रानियों, साधुओं-महात्मा तथा विद्वज्जनों ने उनको सम्मान दिया है। जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है भक्ति'। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो -सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन का द्योतक है।

पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता रैदासजी के मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया। रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे।

रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी। संत गुरु रविदास ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा।

वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। रविदासजी शब्दों का महासागर हैं, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है। मीराबाई के आमंत्रण पर संत रैदासजी चित्तौड़गढ़ आ गये लेकिन यहां भी उनकी गंगा भक्ति तनिक भी कम नहीं हुई। वहीं पर उनका 120 वर्ष की आयु में निर्वाण हुआ। भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परिवेश में संत रैदासजी गंगा भक्ति इतिहास में एक अमिट आलेख एवं सुनहरा पृष्ठ है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

पवित्र स्नान



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला के दौरान, गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम, त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।

# सनातन परंपरा को बचाए रखने में वनवासी समाज का बड़ा योगदान : होसबाले

महाकुंभ नगर (उप्र)/भाषा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को कहा कि सनातन हिंदुत्व परंपरा को बचाए रखने में वनवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इसी ज्ञान, संस्कार परंपरा के संवर्धन के लिए जनजाति क्षेत्र के संतों को अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

महाकुंभ नगर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित जनजाति समागम के समापन के अवसर पर उन्होंने कहा, ''हिंदुत्व, भारतीय, सनातन परंपरा के सामने आज विदेशी विचारधारा थोपने और धर्मांतरण जैसे संकट खड़े हैं। इन संकटों का सामना करते हुए जनजाति क्षेत्र के संतों ने सुदूर वन क्षेत्र में अथक प्रयास किए। उनके इसी प्रयास के कारण आज हिंदू धर्म जीवित है।''

होसबाले ने कहा, ''आने वाले समय में पर्यावरण, अनुसंधान, शिक्षा संस्कार, धर्म जागरण और सेवा के माध्यम से जागृति लाकर जनजाति समाज की एकता और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''वनवासी कल्याण आश्रम इसी दिशा में कार्यरत है। इसीलिए जनजाति क्षेत्र के सभी साधु संतों को कल्याण आश्रम का सहयोग कर इस सनातन संस्कृति को मजबूत करने का काम करना चाहिए।'' इस संत समागम में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, श्री गंगाधर जी महाराज और श्री दादू दयाल जी उपस्थित थे।

इस समागम में देशभर के विविध प्रांतों से 77 जनजाति समाज के संत – महंत उपस्थित हुए थे। कुछ संतों ने जनजाति क्षेत्र में कार्य करते हुए आने वाली चुनौतियों एवं परिस्थिति के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

# माता सीता की दिव्य यात्रा को निभाना भावनात्मक और समृद्ध अनुभव रहा है : प्राची बंसल

मुंबई/एजेन्सी



सोनी सब के शो 'श्रीमद रामायण' में माता सीता का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल का कहना है कि उनके लिये माता सीता की दिव्य यात्रा को निभाना भावनात्मक और समृद्ध अनुभव रहा है । सोनी सब का शो 'श्रीमद रामायण' श्री श्रीराम (सुजय रेउ) और माता सीता (प्राची बंसल) की पवित्र और शाश्वत गाथा को गहन भावनाओं और श्रद्धा के साथ जीवंत बना रहा है। आगामी एपिसोड्स में सहस्त्रमुख रावण (प्रनीत भट्ट) के प्रभाव में एक शक्तिशाली राक्षस अयोध्या के लोगों के मन में शंका के बीज बो देता है, जिससे वे माता सीता की पवित्रता पर प्रश्न उठाने लगते हैं। श्री राम इन मांगों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहते हैं, लेकिन परिस्थितियों के दबाव के कारण, उन्हें भगवान हनुमान (निर्भय वाधवा) को एक हृदयविदारक संदेश देने का दायित्व सौंपना पड़ता है,कि माता सीता को अग्नि परीक्षा देनी होगी। भगवान राम आशा करते हैं कि माता सीता कभी भी ऐसा निर्णय नहीं लेंगी जो उन्हें अलग कर दे। हालांकि, मजबूत सकल्प के साथ माता सीता एक दिव्य निर्णय लेती है– यह एक ऐसा निर्णय है जो उनकी धरती की गोद में वापसी की ओर जाती है, यह उनकी यात्रा को मजबूत और अध्यात्मिक निष्कर्ष की ओर ले जाता है।इस भावनात्मक क्षण में, श्री राम अत्यंत दुखी हो जाते हैं और माता सीता को रोकने का हर संभव प्रयास करते हैं। लेकिन जैसे ही भावनाएं चरम पर पहुंचती हैं, स्वयं देवता प्रकट होकर उन्हें शांत करने का प्रयास करते हैं। प्राची बंसल ने कहा,बार–बार अपनी पवित्रता सिद्ध करने के बाद माता सीता यह निर्णय लेती हैं कि अब उनकी नश्वर यात्रा समाप्त होनी चाहिए। अपनी संपूर्ण दिव्यता के साथ, वह उसी धरती की गोद में लौटने का चयन करती हैं, जहां से वह आई थीं। इस शो का हिस्सा बनना और माता सीता की इस दिव्य यात्रा को निभाना मेरे लिए एक भावनात्मक और समृद्ध अनुभव रहा है।

# आस्ट्रेलिया में तीसरी बार खिला सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला फूल

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है।तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था।

कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है।

यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है।

कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है और वे अब पर्याप्त ऊर्जा संचित करने के बाद फूल देने के लिए तैयार हो गए हैं।डेल ने यह भी बताया कि कैनबरा, सिडनी और गीलॉन्ग की जलवायु एक–दूसरे से अलग है और हर जगह इन पौधों को अलग–अलग खाद और देखभाल प्रदान की जाती है। डेल ने कहा, ''हमें नहीं लगा था कि हमारे यहां सही परिस्थितियां हैं। इसलिए, जब यह फूल खिला, तो यह हमारे लिए एक सुखद आश्चर्य था।'' फूल शनिवार दोपहर को खुलना शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई।

डेल ने कहा, ''शनिवार शाम तक, इसकी गंध इतनी तीव्र हो गई थी कि इसे सड़क के दूसरी ओर से भी महसूस किया जा सकता था। यह दुर्गंध वास्तव में उल्टी कराने वाली थी।'' कैनबरा में खिले 135 सेंटीमीटर लंबे इस फूल को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। ग्रीनहाउस में जगह की कमी के कारण टिकट प्रणाली के जरिए केवल कुछ सौ लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई।

फूल की गंध को लेकर लोगों ने अलग–अलग प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोगों ने इसे मरे हुए जानवर की बदबू जैसी बताया तो कुछ ने कहा कि यह सड़े हुए अंडों, पसीने भरे मोजों, सीवेज और कचरे की मिश्रित गंध जैसी है।

# वेद केवल विज्ञान ही नहीं बल्कि, व्यवहारिक प्रौद्योगिकी है : टोनी नाडर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर/भाषा। विश्वभर में वेद विज्ञान के प्रचारक एवं महर्षि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. टोनी नाडर का कहना है कि वेद केवल विज्ञान नहीं है, बल्कि यह एक व्यवहारिक प्रौद्योगिकी है।

रविवार को महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए नाडर ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, हम लगातार पूरी दुनिया को वेद के बारे में जागरूक कर रहे हैं। हम वेद को केवल विज्ञान के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक प्रौद्योगिकी के रूप में दिखा रहे हैं जिससे सभी का जीवन और उनका सामाजिक जीवन बेहतर हो।'' उन्होंने कहा, दुनिया के 152 देशों में हमारे केंद्र हैं जहां हम वेद और इसकी व्यवहारिक प्रौद्योगिकी के बारे में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। पचास के दशक में महर्षि महेश योगी जी पश्चिमी देशों में गए और वहां वेद तथा ध्यान के बारे में लोगों को बताया।''

नाडर ने कहा, हमने वैज्ञानिक तौर पर सिद्ध किया है कि 'ट्रान्सेंडैंटल मेडिटेशन' मानसिक शांति और सौहार्द बनाने के लिए सबसे उत्तम तरीका है। साथ ही यह बीमारियों को दूर रखने और स्वास्थ्य अच्छा रखने में सहायक है।

वर्ष 2008 में ब्रह्मलीन हुए महर्षि महेश योगी के उत्तराधिकारी ने कहा, ''अगर हम सनातन धर्म का पालन करते हैं तो हम प्रकृति के नियमों का पालन करते हैं जिससे हमें जीवन में सही दिशा मिलती है। इन्हीं चीजों का वेदों, भगवद गीता में उल्लेख मिलता है।''

हावर्ड से प्रशिक्षित फिजिशियन और न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. नाडर ने संगम में डुबकी लगाई और अरैल में स्थापित महर्षि महेश योगी स्मारक में अपने गुरु की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। न्यूयार्क से आए जगदीश सेवानी ने संगम स्नान का अनुभव साझा करते हुए कहा, ''ऐसी अद्भुत अनुभूमि मैंने पहले कभी नहीं की। करोड़ों लोग इतने व्यवस्थित ढंग से स्नान कर रहे हैं, यह देखकर लगा कि कोई दिव्य शक्ति है जो लोगों को यहां खींचकर ला रही है।''

महर्षि योगी के घनिष्ट मित्र रहे सेवानी ने कहा, ''मैं इतने अद्भुत आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करता हूं। अभी तक अमेरिका की आबादी के लगभग डेढ़ गुना लोग यहां स्नान कर चुके हैं। इतनी भीड़ अमेरिका में आ जाए तो पता नहीं क्या होगा।

# शर्वरी ने समंदर किनारे दिया शानदार मंडे मोटिवेशन

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने समंदर किनारे शानदार मंडे मोटिवेशन दिया है। शर्वरी ने एक बार फिर अपने जबरदस्त फिटनेस रूटीन से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। वह हमेशा अपने मंडे मोटिवेशन पोस्ट्स से लोगों को प्रेरित करती हैं और इस बार उन्होंने बीच पर टायर फ्लिप करके अपनी शानदार फिटनेस का प्रदर्शन किया। वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की आगामी फिल्म अल्फा के अगले एक्शन शेड्यूल से पहले वह खुद को पूरी तरह से तैयार कर रही हैं। वर्ष 2024 पूरी तरह से शर्वरी के नाम रहा है। वह अब बॉलीवुड की सबसे चर्चित और डिमांड में रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं! मुंज्या जैसी 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर फिल्म ने उन्हें एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया, जिसमें उनका गाना तरस ग्लोबल हिट साबित हुआ।

इसके अलावा, महाराज की शानदार स्ट्रीमिंग सक्सेस और इंटेंस एक्शन–थ्रिलर वेदा में उनके दमदार अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। शर्वरी की नई मंडे मोटिवेशन तस्वीरों में उनका बीच पर किया गया टायर फ्लिप वर्कआउट सभी को हैरान कर रहा है। उनकी सिक्स–पैक एब्स और टोन्ड बॉडी देखकर फैंस दंग रह गए हैं!इस पोस्ट के लिए उन्होंने मज़ेदार कैप्शन दिया।अच्छे बीच वर्कआउट से कभी थकान महसूस नहीं होती। मंडे मोटिवेशन शर्वरी फिल्म अल्फा में आलिया भट्ट के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

स्नान



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, परिवार के साथ, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते हुए।



# कोई योजना नहीं, बस बहाव के साथ आगे बढ़ना चाहती हूंः श्रेया चौधरी

मुंबई/एजेन्सी

वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' से ख्याति पाने वाली अभिनेत्री श्रेया चौधरी का कहना है कि वह पारंपरिक करियर पथ को नहीं अपनाना चाहतीं और उन्हें विश्वास है कि सही परियोजनाएं उनके पास आती रहेंगी। 'कमांडो' सीरीज और लघु फिल्म 'कंडीशंस अप्लाई' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं श्रेया इन दिनों ओटीटी मंच अमेजन प्राइम वीडियो की फिल्म 'द मेहता बॉयज़' में नजर आ रही हैं।

श्रेया ने पीटीआई–भाषा से कहा, ''मुझे फिल्म देखना पसंद है, लेकिन मैं अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सिनेमा जैसे तेलुगु, मलयालम, मराठी, थाई और इतालवी फिल्मों को देखते हुए बड़ी हुई हूं। अभिनेत्री के रूप में, मैं हर तरह की भूमिकाएं निभाना चाहती हूं। मेरे पास कोई निश्चित योजना नहीं है, बस बहाव के साथ आगे बढ़ना चाहती हूं।'' उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली महसूस करती हैं कि उन्हें 'बंदिश बैंडिट्स' और 'द मेहता बॉयज़' जैसी परियोजनाओं का हिस्सा बनने का मौका मिला। श्रेया ने कहा कि 'बंदिश बैंडिट्स' की सफलता के बाद उनके करियर ने एक नया मोड़ लिया। उन्होंने कहा, ''अब मैं एक अभिनेत्री के रूप में देखी जा रही हूं, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं बेहतरीन कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं। चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहती हूं और अच्छे लोगों के साथ काम करना चाहती हूं। अपने काम के लिए प्यार और सराहना मिलना अच्छा लगता है। अब यहां से सिर्फ आगे बढ़ना है।'



# सलमान खान ने सूरज बड़जात्या को 'बड़ा नाम करेंगे' के लिए शुभकामना दी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने फिल्मकार सूरज बड़जात्या को उनकी सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' के लिये शुभकामना दी है। सूरज बड़ाजात्या ने 'बड़ा नाम करेंगे' के जरिये ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। यह सीरीज सोनी लिव पर सात फरवरी से स्टीम हो रही है।

सलमान खान ने सूरज बड़जात्या के साथ 'मैंने प्यार किया' ,'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। सूरज बड़जात्या की पहली ओटीटी सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' को सलमान खान ने बेहद खास बताया है। सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बड़ा नाम करेंगे' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे! सूरज, देवांश और पूरी टीम को बहुत शुभकामनाएं। यह सीरीज कुछ खास होने वाली है'। सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' में ऋतिक घनशानी, आयशा कादुस्कर, कंवलजीत सिंह, अल्का अमीन, राजेश जैस, चित्राली लोकेश, दीपिका अमीन, ज़मील खान, राजेश तैलंग, अंजना सुखानी, साधिका सयाल, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, प्रियम्वदा कांत, ओम दुबे और भावेश बबानी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं।

# पारुल गुलाटी बनीं 'डोनाली' का हिस्सा, डकैती करते आएंगी नजर

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री पारुल गुलाटी सिरीज़ डोनाली में काम करती नजर आयेंगी। पारुल गुलाटी जल्द ही दर्शकों को अपने नए पीरियड ड्रामा डोनाली में एक दमदार अवतार में नज़र आएंगी। इस सिरीज़ का निर्देशन मशहूर फिल्ममेकर ई. निवास ने किया है। डोनाली में चंकी पांडे, दिव्येंदु शर्मा, बरुण सोबती, संध्या मृदुल और पारुल गुलाटी जैसे शानदार कलाकार नज़र आएंगे। 1960 के दशक के चंबल के डकैतों की कहानी पर आधारित यह सिरीज़ एक ज़बरदस्त सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। ग्वालियर और इसके आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर शूट की गई यह सिरीज़ ग्वालियर, पनिहार और अन्य छोटे कस्बों के असली लोकेशंस को दिखाती है, जिससे इसकी कहानी को एक वास्तविकता का अहसास मिलेगा। कहा जा रहा है कि चंकी पांडे और पारुल गुलाटी इस सिरीज़ में डकैतों की भूमिका निभाते नज़र आएंगे। पारुल ने कहा, डोनाली ई. निवास सर के दिल के बहुत करीब है। मेरी भूमिका काफी परतों वाली और दमदार है। इस किरदार के ज़रिए दर्शकों को मेरा एक नया रूप देखने को मिलेगा, जिसे लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं।इसके अलावा, इतने शानदार कलाकारों चंकी सर, बरुण और दिव्येंदु के साथ काम करना मेरे लिए एक बेहतरीन अनुभव होने वाला है। इस कहानी में एक गहरा भावनात्मक पहलू भी है, जो इसे और खास बनाता है। डोनाली इस साल के अंत तक रिलीज़ होने की उम्मीद है, जो दर्शकों को चंबल के डकैतों की जटिल ज़िंदगी और उस दौर की उथल–पुथल भरी दास्तान से रूबरू कराएगी।

# हास्य कार्यक्रम के निर्माताओं और प्रतिभागियों के खिलाफ 'अश्लील' सामग्री के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज

मुंबई/एजेन्सी

भाजपा के एक पदाधिकारी ने यूट्यूब पर प्रसारित एक रियलिटी हास्य शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन 9) दीक्षित गेदाम ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से, सोशल मीडिया की लोकप्रिय शख्सियत रणवीर अल्लाहबादिया को समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में माता–पिता और सेक्स पर अपनी अशोभनीय टिप्पणी के लिए ट्रोल किया गया है। अल्लाहबादिया ने शो में अपनी टिप्पणी के लिए माफ़ी भी मांगी है।

एक अधिकारी ने बताया कि भाजपा पदाधिकारी नीलोत्पल मृणाल पांडे ने मुंबई में खार पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में रैना, अल्लाहबादिया और अन्य को नामजद करते हुए उन पर कार्यक्रम में अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने लिखित शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव में एक वीडियो भी प्रस्तुत किया है। पुलिस के अनुसार, पांडे ने ऐसे लोगों के खिलाफ़ कार्रवाई की मांग की है और आरोप लगाया है कि यह कार्यक्रम अपमानजनक भाषा, अश्लीलता और नग्नता को बढ़ावा देता है, जो युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालता है और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

ज्ञानयोग, ध्यानयोग, तपयोग आदि कठिन हैं। भगवान की भक्ति में मन को एकाग्र कर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। भगवान के प्रति अनन्य प्रीति और समर्पण की भूमिका भक्ति को सार्थक करती है। जैनदर्शन में वर्णित भगवान का स्वरूप समझने जैसा है। जो सर्वदोषों से रहित, राग-द्वेष मुक्त आत्मा हो, सिर्फ उन्हीं को जैनदर्शन में भगवान माना जाता है। ऐसे परमात्मा की निष्काम भक्ति ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए जैनदर्शन के अनुसार भगवान और देवी-देवता में मौलिक अंतर है। यहां भगवान का स्थान सर्वोपरि है।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर। यहां राजस्थानी निवास में सोमवार को वर्षीतप के उत्तम तपश्वियों का सम्मान किया गया। अशोक मेहता ने सभी का स्वागत किया। उद्योगपति जयंतीलाल बाफना, लाभार्थी परिवार के अशोक मेहता, वीणा मेहता, निशा मेहता, नमन मेहता ने तपस्वशियों का सम्मान किया।





# दीक्षार्थी संतोषकुमारी कर्नावट बनीं साध्वीश्री अक्षतनिधिश्री

## नरेशमुनि के सान्निध्य में मुमुक्षु की जैन भागवती दीक्षा संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ विल्सनगार्डन के तत्वावधान में उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी के सान्निध्य में मुमुक्षु संतोषकुमारी कर्नावट की जैन भागवती दीक्षा संपन्न हुई। सुबह वृहद थाल का आयोजन हुआ। तत्पश्चात मुमुक्षु संतोषकुमारी की अभिनिष्क्रमण यात्रा संयम स्वीकार करने हेतु गणेशबाग के प्रांगण में पहुंची। विल्सन गार्डन के चेयरमैन मीठालाल मकाणा, अध्यक्ष नेमीचंद भंसाली, मंत्री सज्जन बोहरा, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद पिछोलिया, संयोजक माणकचंद बोहरा आदि पदाधिकारियों, राजुल महिला मंडल, विल्सनगार्डन जैन युवा संगठन, प्रेरणा बहू मंडल ने मुमुक्षु की अगवानी की। संयम महोत्सव में उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी ने कहा कि तीर्थंकर भगवान महावीर द्वारा प्ररुपित 5 महाव्रतों का पालन करने वाले साधक संयम साधना द्वारा संसार सागर से पार हो जाते हैं, संसार के जन्म मरण के परिभ्रमण से सदा सदा के लिए मुक्ति प्राप्त कर लेते हैं। संतश्री वीरेंद्रमुनिजी ने कहा कि संसार में चक्रवर्ती की रिद्धि मिलना भी



आसान है लेकिन संयम मिलना अत्यंत दुर्लभ है। युवावस्था में मुमुक्षु ने संयम स्वीकार कर समग्र युवा जगत के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। शालिभद्रमुनिजी ने कहा कि संयम स्वीकार करना कोई साधारण लोगों का काम नहीं है यह वीरों का मार्ग है।

मुमुक्षु संतोषकुमारी ने कहा कि सांसारिक भोगोपभोग सुख के आभास मात्र है इनके पीछे दुख छुपा हुआ है। मैं संयम साधना द्वारा संसार के समस्त बंधनों से मुक्त होकर शाश्वत एवं अनंत सुख प्राप्त करने हेतु दीक्षा स्वीकार कर रही हूं। उपप्रवर्तिनी सुधाकंवरश्रीजी, उपप्रवर्तिनी डॉ दर्शनप्रभाश्रीजी, डॉ प्रतिभाश्रीजी, साध्वी आगमश्रीजी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अनेक संतों व वरिष्ठ पदाधिकारियों के शुभकामना पत्रों का वाचन हुआ। दीक्षा विधि के पश्चात उपप्रवर्तक नरेशमुनि ने दीक्षा विधि संपन्न कराई और दीक्षा प्रदान कर उनका नवीन नामकरण साध्वी अक्षतनिधिश्री के नाम की घोषणा की।मुमुक्षु की बड़ी दीक्षा 19 फरवरी को अक्कीपेट जैन संघ में होगी। नरेशमुनिजी ने होली चातुर्मास सेलम एवं अक्षय तृतीया पारणे कोयंबतूर संघ में करने की घोषणा की। समारोह में बसंतमुनिजी, सुप्रभाश्रीजी, पुनीतज्योतिश्रीजी आदि साध्विगण की भी निश्रा प्राप्त हुई।इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में बेंगलूरु सेंट्रल के पुलिस महानिदेशक लाभूराम का सम्मान किया गया। गंगावती एवं इचलकरंजी संघ के सदस्यों ने उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी से चातुर्मास के लिए निवेदन किया। समारोह में मुमुक्षु के धर्म माता-पिता उगमादेवी-मीठालाल मकाणा, पाट बिठाई के लाभार्थी प्रकाशचंद दीपक अमित बेताला, केसर छंटाई रस्म के लाभार्थी देवीचंद शांतिलाल अशोक बोहरा परिवार, मेहंदी रस्म के लाभार्थी गुरु ज्येष्ठ पुष्कर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, मुमुक्षु शोभायात्रा लाभार्थी बाबूलाल जितेंद्रकुमार धोका परिवार, जय जिनेंद्र लाभार्थी मीठालाल ज्ञानेंद्रकुमार कमलेश मकाणा परिवार एवं समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर गणेशबाग के अध्यक्ष लालचंद मांडोत, उपाध्यक्ष संपतराज कोठारी, कोषाध्यक्ष सुदर्शन मांडोत, गुरु ज्येष्ठ पुष्कर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा, मंत्री महावीरचंद मेहता, बाबूलाल रांका, महेन्द्रकुमार रांका, रतनलाल सिंघी आदि उपस्थित थे। संचालन गौतमचंद ओस्तवाल ने किया। प्रचार प्रसार संयोजक प्रकाशचंद बाफना ने बताया कि इस समारोह में बेंगलूरु सहित चेन्नई, रायचूर बेलगावी, मैसूरु आदि अनेक नगरों से भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।



# विश्वकर्मा जयंती और वार्षिकोत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां श्री विश्वकर्मा सुथार विकास संस्थान द्वारा प्रिया कुंज आर एस पुरम में आयोजित भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती को धूमधाम से मनाई गई। आरती एवं भजन कीर्तन के बाद महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। बेंगलूरु से आई हेमंत जोशी एण्ड पार्टी द्वारा संत्सग का आयोजन किया गया। आगामी वर्ष कार्यक्रम के लिए चढ़ावा की बोलियां बोली गई। जिसमें समाज के बंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अध्टक्ष लिखमाराम सुथार ने बंधुओं का आभार जताते हुए समाज की एकता पर बल दिया।

इस दौरान उपाध्यक्ष घेवाराम, सचिव भूमेश, कोषाध्यक्ष किशोर, ओम मांकड़, तेजराज, हितेश, अशोक कुशिप, सुखदेव, रवि डोयल, मुकेश, जेपाराम, मोतीलाल, प्रताप सहित समाज के गणमान्य उपस्थित थे।



# सुसवाणी धाम में तिरुपति बालाजी मंदिर के लिए हुआ शिलान्यास

बेंगलूरु//दक्षिण भारत। शहर के होसूर रोड़ स्थित सुसवाणी माता धाम में तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास विधि विधान सम्पन्न हुआ। धाम निर्माता भवरीबाई घेवरचंदजी सुराणा परिवार के भवरीबाई, दिलीप-अर्चना, जयंत सुराणा, शैलेश सिरोया आदि ने तिरुपति तिरुमला से आए पंडितवर्य के मंत्रोच्चार के बीच तिरुपति मंदिर के लिए शिला रखी। प्रातः से प्रारंभ पूजा के बाद हवन भी हुआ। इस अवसर पर करूण जैन, नरेश देवता, संजय सांड़, पीयूष जैन, प्रमोद पोकरणा, सरदारमल सुराणा, रिखबचंद सुराणा, राजेन्द्र सुराणा, महेश भंडारी, विजय शाह, सुराणा संघ के अध्यक्ष महीपाल सुराणा आदि उपस्थित थे।



# विधिविधान व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ शंकरपुरम प्रतिष्ठा महोत्सव पत्रिका लेखन समारोह

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के शंकरपुरम में आदिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट द्वारा आयोजित व आचार्यश्री रत्नाकरसूरीश्वरजी की निश्रा में केसरिया आदिनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को शुभ मुहूर्त में आमंत्रण पत्रिका लेखन एवं घर-घर तोरण बांधने का विधान संतों की निश्रा में विधि विधान संपन्न हुआ। संघ के सदस्यों ने सबसे पहले श्रद्धा एवं भक्ति के साथ परमात्मा नाम से पत्रिका लिखी व मंदिर में तोरण बांधकर अनुष्ठान संपन्न किया। मराठा हॉस्टल में महिला मंडल की समर्पित सदस्याओं गहुली का निर्माण किया। बालिका मंडल ने स्नात्र पूजा की। पत्रिका लेखन का सामैया साकरिया परिवार निवास से प्रारंभ होकर शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचा। विपिन पोरवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रतिमा भराने के लिए चढ़ावे बोले गए। विक्रम गुरुजी ने संचालन किया। जय जिनेन्द्र के विशेष लाभार्थी परिवार के 27 सदस्यों एवं ट्रस्ट मंडल के प्रमुख सदस्यों ने विभिन्न तीर्थों, मंदिरों एवं संघों के नाम 54 पत्रिकाएँ लिखी।



# राजस्थानी संघ द्वारा आरपीएल4 क्रिकेट टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां राजस्थानी संघ द्वारा आरपीएल-4 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक सियाल डेवलपर्स हैं। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। 12 टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की गई। यहां राजस्थानी निवास में रविवार देर रात राजस्थानी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 4 के खिलाड़ियों की नीलामी की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के अध्यक्ष गौतमचन्द श्रीश्रीमाल, मुख्यअतिथि तमिलनाडु के क्रिकेटर अविनाश खंडेलवाल, सचिव विकास नाकोड़ा, कोषाध्यक्ष विक्रम सालेचा, प्रायोजक सियाल डेवलपर्स के कमल सियाल, जीतो के राकेश मेहता, मीडिया प्रभारी किशोर जैन, खेल समिति के चेयरमैन धीरज खींचा आदि ने दीप जलाकर किया। सभी का स्वागत अध्यक्ष गौतमचन्द श्रीश्रीमाल ने किया।

इस मौके पर मुख्य प्रायोजक, 12 टीमों के मालिकों, प्रायोजकों का सम्मान किया गया। 12 टीमों के प्रमुखों और प्रायोजकों ने स्पोर्ट्स ट्राफी और टीम की जर्सी का लोकार्पण कया।



# 'बजट इनसाइट्स 2025' में बजट पर हुई विस्तार से चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जीतो साउथ व नार्थ चैप्टर ने संयुक्त रूप से 'बजट इनसाइटस 2025' का आयोजन किया, जिसमें केंद्रीय बजट 2025 और इसके व्यवसायों पर प्रभावों को समझने के लिए एक व्यापक चर्चा हुई। जीतो के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन किया। साउथ चैप्टर के चेयरमैन रंजीत सोलंकी ने सभी का स्वागत करते हुए जीतो की आर्थिक सशक्तिकरण, सेवा, और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नॉर्थ चैप्टर के चेयरमैन विमल कटारिया ने कहा कि जीतो इस तरह के कार्यक्रम से समाज के विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं, जिससे व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति हो। नार्थ महामंत्री विजय सिंघवी ने रुपरेखा बताई तथा जीतो प्रोफेशनल फोरम का लॉन्च किया।

चर्चा में मुंबई से प्रसिद्ध वक्ता सीए विमल पुनमिया ने बजट में किए गए 100 से अधिक संशोधनों और व्यवसायिक क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग के कारण व्यवसाय अधिक पारदर्शी और सुलभ हो गया है। पुनमिया ने कहा कि महिलाओं को आयकर के बारे में सटीक जानकारी होनी चाहिए, जिससे वे अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ सकें। जीएसटी विशेषज्ञ ऋषभ सिंघवी ने बताया कि सरकार विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र करती है, जिनमें आईटीआर, जीएसटी रिटर्न, बैंकिंग लेनदेन, डिजिटल भुगतान, आयात-निर्यात रिकॉर्ड और पैन-आधार लिंक शामिल हैं ताकि डेटा का विश्लेषण करने से कर चोरी पर अंकुश लगाया जा सके। कार्यक्रम में शिरीष शाह और हरिकिशन छाजेड़ द्वारा संचालित पैनल चर्चा में विमल पुनामिया और ऋषभ सिंघवी ने व्यवसाय, कराधान और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। दोनों चैप्टर ने 15से20 अप्रैल तक आयोजित कैंटन बिजनेस फेयर 2025 योजना लॉन्च की। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता जताई। प्रमुख अतिथियों में श्रीपाल बच्छावत, जीतो एपेक्स सचिव, एपेक्स निदेशक और केकेजी जोन चेयरमैन प्रवीण बाफना, केकेजी जोन कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन सहित दोनों चैप्टर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। सचिव प्रतीक गांधी ने सत्र की मेजबानी की। साउथ के सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र संकलेचा ने धन्यवाद दिया।



# आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता का प्रभाव व्यक्ति के विकास में निहित है : मुनिश्री मोहजीतकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर के तत्वावधान में मुनिश्री मोहजीतकुमारजी,भव्यकुमारजी के सान्निध्य में 'थिंक डिफरेन्ट, डू डिफरेन्ट, बी डिफरेन्ट' नामक बेंगलूरु स्तरीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में अर्हम भवन में हुआ। मुनिश्री मोहजीतकुमारजी ने कहा कि नई सोच, नया चिन्तन, नई अवधारणा को वर्तमान जीवन शैली के साथ तालमेल जोड़ना जरूरी है। नई पीढ़ी में अपनी स्वगत चिन्तन धारा को विकसित करना होगा । पश्चिम की संस्कृति से मुड़ कर नया करने की मानसिकता के निर्माण में बुद्धि और विवेक को जगाना होगा। जयेशकुमारजी ने कहा कि आज के इस तेज़ी से बदलते युग में व्यक्ति नई सोच के बिना आगे नहीं बढ़ सकता है। व्यक्ति अपनी अलग सोच से सामान्य कार्य को भी असाधारण उत्कृष्टता प्रदान कर सकता है। सफलता के लिए छोटी छोटी खुशियों का बलिदान करना ही पड़ता है। हर महान व्यक्ति ने इनका बलिदान देकर ही असाधारण सफलताओं को हासिल किया है।

श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन पवन मांडोत ने किया। तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने सभी का स्वागत किया। सभा अध्यक्ष मंगल कोचर ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि दिनेश पोखरणा ने चिंता और स्वस्थ चिंतन में फर्क करने हेतु प्रेरणा प्रदान की। मुख्य प्रशिक्षक पदम संचेती ने बड़े लक्ष्यों को हमेशा सामने रखने हेतु अवचेतन मन को सकारात्मक, अनुशासित बनाने हेतु अच्छी आदतों पर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की। समारोह अध्यक्ष पवन मांडोत ने वर्तमान स्थिति में व्याप्त चुनौतियों में सोशल मीडिया के उपयोग एवं विशिष्ट तरीकों का उदाहरण देते हुए श्रोताओं का मार्गदर्शन किया। सहयोगियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अणुविभा संगठन मंत्री राजेश चावत, अर्हम मित्र मंडल अध्यक्ष बहादुर सेठिया, टीपीएफ वेस्ट अध्यक्ष ललित बेगानी, महिला मंडल उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया सहित तेयुप उपाध्यक्ष विकास बांठिया, अशोक मारु, सहमंत्री कमलेश दक, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा, संगठन मंत्री पंकज कोचर आदि अनेक संबंधित संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। संयोजक विकासबाँठिया एवं सहसंयोजक विनय पितलिया ने व्यवस्था संभाली। संचालन मंत्री संजय भटेवरा एवं राकेश पोकरणा ने किया। सहमंत्री पवन बैद ने धन्यवाद किया।



# आरआर नगर तेरापंथ टीम ने बेलगावी में ली चातुर्मास विहार की जिम्मेदारी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर में आरआर नगर तेरापंथ भवन में वर्ष 2025 के लिए चातुर्मास करने विहार करते हुए आ रही साध्वीश्री पुण्ययशाजी के दर्शनार्थ सभाध्यक्ष राकेश छाजेड़ के मार्गदर्शन में उपाध्यक्ष राजेश छाजेड़, सेवा प्रभारी बुद्धमल बैंगाणी, सहप्रभारी हिमांशु बोथरा एवं कौशल लोढ़ा ने बेलगावी पहुंचे और साध्वीवृन्द की कुशलक्षेम पूछी। भायंदर सभा के अभव बाफना ने बेंगलूरु की ओर आगे की विहार सेवा की जिम्मेदारी का हस्तांतरण राजराजेश्वरीनगर के सदस्यों को सौंपी। सभी श्रावकों ने हुब्बल्ली में विराजित मुनिश्री पुलकितकुमारजी के दर्शन भी किए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.